


16:06:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 16 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 5 अंक » 235 | epaper.rashtriyakhabar.com | भाद्र पद, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2071


## चाणक्य नीति

गुणैः सर्वज्ञतुल्योऽपि सीदत्येको निराश्रयः।
अनर्घ्यमपि माणिक्यं हेमाश्रयमपेक्षते॥

**भावार्थ :** गुणों में सर्वज्ञ-परमात्मा के समान होने पर भी निराश्रित व्यक्ति दुखी होता रहता है, जैसे अत्यंत मूल्यवान हीरा भी सोने में जड़े जाने की आशा करता है, उसी प्रकार गुणी मनुष्यों को भी किसी सहारे की अपेक्षा रहती है अर्थात् गुणी व्यक्ति भी आश्रय के बिना समाज में वह सम्मान प्राप्त नहीं कर पाता, जिसकी उसको अपेक्षा होती है।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 30.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.36 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.02 बजे

## पॉक्सो एक्ट में बृजभूषण को क्लीन चिट

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज मामले को रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल की। दिल्ली पुलिस ने संबंधित मामले की जांच के बाद पटियाला हाउस अदालत में यह रिपोर्ट दाखिल की। इससे पहले केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने पिछले सप्ताह पहलवानों से अपने सभी विरोध को वापस लेने का अनुरोध करते हुए आश्वासन दिया था कि पुलिस से 15 जून तक आरोपपत्र दाखिल करने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद अदालत के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की है और पीड़िता एवं उसके पिता के बयानों के आधार पर डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ पॉक्सो मामले को रद्द करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने नाबालिग के बयान और जांच के विवरण को शामिल किया और कोई साक्ष्य नहीं मिलने पर इसे रद्द करने की रिपोर्ट दाखिल की है।

## मुगल रोड सुरंग का निर्माण कराएं गडकरी : महबूबा

**श्रीनगर :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र लिखकर मुगल रोड सुरंग का निर्माण शुरू करने का आग्रह किया। सुश्री मुफ्ती ने बताया कि वर्ष 2017 में उनके मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान श्री गडकरी ने उनको मुगल रोड टनल का निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिलाया था। उन्होंने बताया कि यह सड़क घाटी को जम्मू में पीर पांचाल से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण बारहमासी सड़क संपर्क के रूप में उभर सकती है। पीडीपी प्रमुख ने ट्वीट लिखा, जैसा कि आप (गडकरी) पहले से ही जानते हैं, मुगल रोड एकमात्र महत्वपूर्ण लिंक है जो घाटी को जम्मू में पीर पांचाल क्षेत्र से जोड़ता है लेकिन कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से इस तथ्य के कारण कटा हुआ है कि इसे जोड़ने वाला एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग खराब मौसम और भूस्खलन के कारण ज्यादातर बंद रहता है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में श्री गडकरी के कार्यकाल में सड़क बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हुयी है। सुश्री मुफ्ती ने लिखा, आज भी जम्मू-कश्मीर की सड़कों का बुनियादी ढांचा बहुत ज्यादा नहीं बदला है बल्कि लोगों को आर्थिक मोर्चे और व्यक्तिगत स्तर पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारी स्थानीय अर्थव्यवस्था बागवानी से संचालित होती है जो इसकी रीढ़ है। मुझे यकीन है कि आप जानते हैं कि पिछले साल सड़क बंद होने के कारण कई टन फल राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़ गए थे। यह हमारे किसानों और परिवहन उद्योग के लिए दुखदाई था।

## खडगे-राहुल ने किया गलवान की शहीदों को नमन

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन साल पहले गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री खडगे ने कहा , तीन साल पहले गलवान घाटी में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले 20 वीर जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि। मोदी सरकार की नाकामियों के चलते एलएसी पर इन तीन सालों में पूर्व की यथास्थिति अब नहीं है। हम 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट पर अपना अधिकार खो चुके हैं। हमने संसद में ये मुद्दा कई बार उठाने की कोशिश की है, पर मोदी सरकार देशवासियों को अंधेरे में रखना चाहती है। उन्होंने कहा ,गलवान पर मोदी जी की क्लीन चिट की वजह से चीन अपने नापाक इरादों में सफल होता दिख रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और देश की अखंडता पर यह गहरा आघात है। मोदी सरकार की लाल आँख धुँधली पड़ गई है, जिस पर उसने चीनी चश्मा पहन रखा है। विपक्ष में रहकर हमारा काम है, देश को चीनी विस्तारवादी नीति के ख़िलाफ़ एकजुट रखना और मोदी सरकार के चीनी चश्में उतार फेंकना । श्री गांधी ने कहा , गलवान घाटी के संघर्ष में शहीद हुए हमारे सभी वीर जवानों को उनके शहादत दिवस पर शत शत नमन। देश की सीमा की रक्षा के लिए उनका दिया सर्वोच्च बलिदान भारत सदैव याद रखेगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**यूएई के अंतरिक्ष यात्री ने स्पेस स्टेशन के शेयर की तस्वीर**

# अंतरिक्ष से ऐसा नजर आ रहा है साइक्लोन विपर्जय

राष्ट्रीय खबर



https://twitter.com/i/status/1668565888469983233

**वाशिंगटनः** यूएई के अंतरिक्ष यात्री ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से चक्रवात बिपारजॉय की लुभावनी तस्वीरें साझा कीं है। उनके द्वारा उपलब्ध कराया गया वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वह फिलहाल अपने खास अंतरिक्ष मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर मौजूद हैं। धरती से इस तरीके से किसी तूफान को देख पाना संभव नहीं होता। आसमान या यूं कहें कि धरती के बाहर से जब हम ऐसी परिस्थितियों को देखते हैं तो यह साफ पता चल जाता है कि ऐसे चक्रवाती तूफान कैसे शक्ल अख्तियार कर रहे हैं। आम तौर पर तूफान संबंधी जानकारी आधुनिक विज्ञान उपलब्ध तो करा देता है पर असली दृश्य कैसा है, यह तो अंतरिक्ष से ही देखा जा सकता है। और इस तरह के फुटेज को कैप्चर करने के लिए सबसे अच्छी जगह कौन सी है, इस सवाल का सीधा उत्तर है अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन। संयुक्त अरब अमीरात के एक अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल नेयादी ने हाल ही में अंतरिक्ष में आईएसएस से अरब सागर के ऊपर भयावह चक्रवात बिपारजॉय की मंत्रमुग्ध कर देने वाली फुटेज साझा करने के बाद ट्विटर पर तूफान खड़ा कर दिया। उन्होंने लिखा है, मेरे द्वारा कैप्चर किए गए इन दृश्यों से अरब सागर के ऊपर एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात के रूप में देखें। आईएसएस कई प्राकृतिक घटनाओं पर एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो पृथ्वी पर मौसम की निगरानी में विशेषज्ञों की सहायता कर सकता है। वायरल वीडियो क्लिप में, नेयादी अपने कैमरे को जमीन से समुद्र तक फैलाते हैं, जिसमें समुद्र के ऊपर भारी बादल दिखाई दे रहे हैं। जैसे ही आईएसएस पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करता है, अरब सागर का नीला धीरे-धीरे सफेद बादलों के आवरण में बदल जाता है, अंततः इतना घना हो जाता है कि आप पानी को नीचे नहीं देख सकते।

पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर स्थित इस अंतरिक्ष स्टेशन से, चक्रवात चिकनी कपास के द्रव्यमान जैसा दिखता है, कभी-कभी तूफान के केंद्र की ओर खुरदरी लकीरों से लहराता है। यह अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान

» पेज 2 भी देखें

**आगजनी** › इंफाल में राज्य मंत्री के आवास और कई घरों में आग लगायी

# सुरक्षाबलों के तलाशी अभियान की भीड़ से झड़प

- गुरुवार दोपहर बात एक बार फिर हिंसा भड़की
- इंटरनेट सेवाएं 20 जून तक निलंबित रहेंगी
- टीएमसी का हिमंता के उग्रवादी संबंध पर सवाल

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटीः** मणिपुर में स्थिति में सुधार होता नहीं दिख रहा है। ताजा हिंसा में कुछ असामाजिक तत्वों ने बुधवार रात इंफाल पश्चिम के लंफेल इलाके में मंत्री नेमचा किपगेन के घर में आग लगा दी। सूत्रों के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। अभी तक मंत्री घर पर थे जब घर में आग लगाई गई। उसके बाद मणिपुर की राजधानी इंफाल में सुरक्षा बलों और भीड़ के बीच आज दोपहर झड़प हुई है। पश्चिम इंफाल में राज्य मंत्री के आधिकारिक आवास और कई घरों में आग लगा दी गई है। खमेनलोक इलाके में हुए हमले में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 14 अन्य घायल हो गए थे, जिसके एक दिन बाद गुरुवार दोपहर भीड़ ने राज्य मंत्री के आधिकारिक आवास और कम से कम दो घरों में आग लगा दी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की लेकिन उन्हें बल प्रयोग करने के लिए मजबूर होना पड़ा और इंफाल के न्यू चेकन में भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। यह तब हुआ जब सेना और असम राइफल्स ने हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर में हिंसा में हालिया वृद्धि के बाद अपने ह्लएरिया डोमिनेशनह्व अभियान को तेज कर दिया। सेना के एक ट्वीट में कहा गया है कि हाल ही में हिंसा में वृद्धि के बाद सेना और असम राइफल्स द्वारा एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन बढ़ाए जा रहे हैं।इसके चलते हुई मुठभेड़ में दोनों पक्षों के लोग हताहत व घायल हुए हैं। तीन व्यक्ति लापता भी बताए जा रहे हैं। यह क्षेत्र मेइती-बहुल इंफाल ईस्ट जिला और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं से लगा हुआ है। इस बीच इंफाल

» पेज 2 भी देखें

**पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि**

पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को हुई हिंसा के दौरान संदिग्ध उग्रवादियों ने लोगों के समूह पर गोली चलाई। इसमें 22 से अधिक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने कहा कि लोगों के समूह में ज्यादातर वे लोग थे जो हाल में चुराचांदपुर में हुई जातीय हिंसा के दौरान विस्थापित हुए थे और बिष्णुपुर के मोइरांग में एक राहत शिविर में रह रहे थे।

यह पुल वलोड तालुका के मायापुर गांव को तापी जिले के व्यारा तालुका के डेगामा गांव से जोड़ता है

# उदघाटन के पहले ही ढह गया गुजरात का ब्रिज



- गुजरात सरकार ने बुधवार को तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया

राष्ट्रीय खबर

**अहमदाबादः** दक्षिण गुजरात के तापी जिले में मिंडोला नदी पर एक नवनिर्मित पुल का स्लैब गिरने के कुछ घंटे बाद गुजरात सरकार ने बुधवार को तीन इंजीनियरों को निलंबित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि पुल का निर्माण हाल ही में पूरा हुआ था और इसके उद्घाटन का इंतजार था। यह पुल वलोड तालुका के मायापुर गांव को तापी जिले के व्यारा तालुका के डेगामा गांव से जोड़ता है। पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया, जिससे विपक्षी कांग्रेस ने भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर हमला किया। देर शाम, सरकार ने एक प्रेस बयान में कहा कि ब्रिज गिरने के तुरंत बाद, मुख्यमंत्री ने तत्काल जांच की मांग की। बयान में कहा गया है, प्रारंभिक रिपोर्ट में, यह पाया गया कि उच्च स्तरीय पुल के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता में गंभीर दोष था। इसके अनुसार सरकार ने निर्माण कार्य में शामिल कार्यपालक अभियंता, उप कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रेस नोट में यह भी कहा गया है कि सरकार ने निर्माण फर्म, अक्षय कंस्ट्रक्शन, सूरत को निर्माण में कंक्रीट

» पेज 2 भी देखें

ईडी की कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री ने इसे संघवाद पर हमला करार दिया

# तमिलनाडु में भी सीबीआई की जांच की पूर्व अनुमति वापस

राष्ट्रीय खबर



**चेन्नईः** तमिलनाडु आज उन विपक्षी शासित राज्यों में शामिल हो गया, जिन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो को मिलने वाली जांच के लिए आम सहमति वापस ले ली है। केंद्रीय एजेंसी को अब राज्य में और वहां के निवासियों के खिलाफ जांच करने के लिए राज्य सरकार की अनुमति लेनी होगी। डीएमके सरकार का यह कदम उसके मंत्री वी सेंथिल बालाजी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए जाने के घंटों बाद आया है। सरकार ने बिजली मंत्री के घर और कार्यालय की तलाशी लेने के प्रवर्तन निदेशालय के कदम का कड़ा विरोध किया था। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसे संघवाद पर हमला कहा था। इससे पहले आज एक बयान में, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा था, अनावश्यक तरीके से उन्होंने (ईडी) सचिवालय में सेंध लगाई है, जिसमें राज्य की सुरक्षा संबंधी गोपनीय फाइलें हैं और मंत्री के कार्यालय में घुसकर नाटक किया है। वे दिखाना चाहते थे कि वे सचिवालय में प्रवेश करने पर भी छापा मारेंगे।

भाजपा पर केंद्रीय एजेंसियों का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग का आरोप पहले भी विरोधी दल लगाते आये हैं। इस क्रम में पहले से ही नौ राज्य सीबीआई को मिली छूट वापस ले चुके हैं। यह राज्य हैं छत्तीसगढ़, झारखंड, केरल, मेघालय, मिजोरम, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल - जिन्हें वे केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ एहतियात कहते हैं।

» पेज 2 भी देखें

# बंगाल में पंचायत चुनाव हिंसा में तीन की मौत



**चोपरा :** पश्चिम बंगाल में उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपरा प्रखंड अंतर्गत खतलबाड़ी में गुरुवार को हमलावरों ने तीन लोगों को गोली मार दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पंचायत चुनाव के लिए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस उम्मीदवारों का एक समूह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बीडीओ कार्यालय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने तीन लोगों को गोली मार दी। प्रदेश माकपा सचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार और समर्थक नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे थे तभी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल पुलिस का एक वर्ग अभी भी तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के साथ सहयोग कर रहा है और प्रदेश चुनाव आयोग गैर-जिम्मेदार बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि ममता सरकार को उसके प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना और एकतरफा रवैये की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन है।

# आबादी बढ़ाने के लिए जापान सरकार का प्रोत्साहन पैकेज

राष्ट्रीय खबर



**टोक्योः** जापानी सरकार देश में जन्म दर बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। लेकिन फायदा किसी को नजर नहीं आ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए पैकेज को कोई स्वीकार नहीं कर रहा है। खासकर युवा लोग। वे शादी करने या बच्चे पैदा करने को तैयार नहीं हैं। वहीं जापान सरकार की चिंता दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है. क्योंकि जिस दर से जनसंख्या घट रही है वह चिंता का विषय है। छात्र संकट के कारण स्कूल बंद हो रहे हैं। जापान में जनशक्ति का संकट है। दूसरी ओर विदेशी कामगारों पर निर्भरता लगातार बढ़ती जा रही है। इस बीच, जापान सरकार ने लोगों को बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभूतपूर्व पैकेज की घोषणा की है। फुमियो किशिदा प्रशासन ने बच्चे के पालन-पोषण और पालन-पोषण के लिए देश के इतिहास में सर्वोच्च प्रोत्साहन प्रदान किया। मंगलवार (13 जून) को देश की कैबिनेट ने बच्चों के लिए पैकेज को मंजूरी दी. ताकि सरकार जन्म से लेकर एक निश्चित आयु तक शिक्षा का बड़ा खर्च वहन करे। प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने 2030 तक इस प्रोत्साहन को दोगुना करने की घोषणा की है। जापान में 2022 में सिर्फ 770 हजार 747 बच्चे पैदा हुए। जन्म दर के अनुसार जो देश के इतिहास में सबसे कम है।

» पेज 2 भी देखें

**विकल्प** › चार पैरों वाले रोबोट को नई तकनीक प्रदान की है रोबोटिक्स वैज्ञानिकों ने

# यह रोबोट उबड़ खाबड़ रास्तों और सीढ़ी पर भी चढ़ जाता है

- नयी मज़ल विधि विकसित की गयी है
- कैमरों की आंख से गतिविधि तय करता है
- सामने बाधा आयी तो रास्ता बनाता है खुद

राष्ट्रीय खबर



https://youtu.be/vJdt610GSGk

**रांचीः** आने वाले दिनों में कठिन और खतरनाक समझे गये कार्यों के लिए रोबोट का इस्तेमाल एक अच्छा विकल्प माना गया है। इसकी खास वजह इंसानी जान की कीमत है। दूसरी तरफ यह यंत्र मानव बिना थके और रूके लगातार काम कर सकता है, इसलिए उसकी कार्यकुशलता कई मामलों में इंसानों से बेहतर आंकी गयी है। इस बार इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं रोबोटिक्स के वैज्ञानिक। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सैन डिएगो के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक नया मॉडल विकसित किया है। इस मॉडल की विशेषता यह है

» पेज 2 भी देखें

**शोधकर्ताओं ने एक मॉडल विकसित किया जो पहले कैमरे से 2डी इमेज लेता है**

रोबोट की 3डी धारणा को बेहतर बनाने के लिए, शोधकर्ताओं ने एक मॉडल विकसित किया जो पहले कैमरे से 2डी इमेज लेता है और उन्हें 3डी स्पेस में ट्रांसलेट करता है। यह एक छोटे वीडियो अनुक्रम को देखकर करता है जिसमें वर्तमान फ्रेम और कुछ पिछले फ्रेम होते हैं, फिर प्रत्येक 2डी फ्रेम से 3डी जानकारी के टुकड़े निकालते हैं। इसमें रोबोट की टांगों की गति जैसे कि जोड़ कोण, जोड़ वेग और जमीन से दूरी के बारे में जानकारी शामिल है। मॉडल अतीत और वर्तमान के बीच 3डी परिवर्तन का अनुमान लगाने के लिए पिछले फ्रेम से जानकारी की तुलना वर्तमान फ्रेम से जानकारी के साथ करता है। मॉडल उस सभी सूचनाओं को एक साथ फ़्यूज करता है ताकि वह पिछले फ्रेमों को संश्लेषित करने के लिए वर्तमान फ्रेम का उपयोग कर सके। जैसे ही रोबोट चलता है, मॉडल उन फ्रेमों के विरुद्ध संश्लेषित फ्रेमों की जाँच करता है जिन्हें कैमरा पहले ही कैप्चर कर चुका है। यदि वे एक अच्छे मेल हैं, तो मॉडल जानता है कि उसने 3डी दृश्य का सही प्रतिनिधित्व सीख लिया है। अन्यथा, यह तब तक सुधार करता है जब तक कि यह सही न हो जाए। रोबोट की गति को नियंत्रित करने के लिए 3डी प्रतिनिधित्व का उपयोग किया जाता है। अतीत से दृश्य जानकारी को संश्लेषित करके, रोबोट यह याद रखने में सक्षम है कि उसने क्या देखा है, साथ ही साथ उसके पैरों ने जो क्रियाएं की हैं, और उस स्मृति का उपयोग अपनी अगली चालों को सूचित करने के लिए करता है।

# रूसी परमाणु हथियार बेलारूस पहुंच चुके है : लुकाशेंको

राष्ट्रीय खबर



**मिन्स्कः** बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने सुझाव दिया कि रूसी सामरिक परमाणु हथियार उनके देश में पहले ही आ चुके हैं, यहां तक कि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि डिलीवरी अगले महीने ही शुरू होगी। हमारे पास मिसाइल और बम हैं, जो हमें रूस से प्राप्त हुए हैं। लुकाशेंको ने मंगलवार देर रात बेलारूसी राज्य के स्वामित्व वाली बेल्टा समाचार सेवा द्वारा पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में एक रूसी टीवी रिपोर्टर को बताया। फिर उन्होंने शेखी बघारते हुए कहा कि ये हथियार द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से तीन गुना अधिक शक्तिशाली हैं, जो तुरंत एक लाख लोगों को मारने में सक्षम थे। जब रिपोर्टर ने उनसे यह स्पष्ट करने के लिए कहा कि रूस द्वारा वादा किए गए परमाणु हथियार वितरित किए गए थे, हालांकि, लुकाशेंको मुस्कुराए और पीछे हट गए। यह कहते हुए

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### मीडिएशन ड्राइव के चौथे दिन सुलझे 14 मामले

**रांची:** सिविल कोर्ट में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान का गुरुवार को चौथा दिन रहा। इस दौरान फैमिली कोर्ट और विभिन्न न्यायालयों से कुल 22 मामले मध्यस्थता केंद्र में भेजे गए थे। जिन्हें मीडिएटर्स को दिया गया था। 22 मामलों में से 14 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष-राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गए। जबकि 8 मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत की संभावना को देखते हुए है अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित हैं। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के मामलों का निष्पादन आपसी सहमति से किया जा रहा है।

**नियुक्ति पत्र** पांच साल का इंतजार खत्म, पंचायत सचिवों को हेमंत सोरेन देंगे नियुक्ति पत्र

# राज्य सरकार 2,209 पंचायत सचिवों और लिपिकों को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी में

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड में एक तरफ 60-40 वाली नियोजन नीति को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन आए दिन सड़क पर विरोध जता रहा है तो दूसरी तरफ हेमंत सरकार लंबे समय से लटकी नियमित और बैकलॉग नियुक्ति प्रक्रिया को अमली जामा पहनाने में जुट गई है। इस बार पंचायत सचिवों और निम्नवर्गीय लिपिक की बारी है। राज्य सरकार जोर शोर से 2,209 पंचायत सचिवों और लिपिकों को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी कर रही है। अबतक की जानकारी के मुताबिक 22 जून को रांची के मोराबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र बाटेंगे। मुख्यमंत्री सचिवालय ने वित्त विभाग, पंचायती राज, राजस्व, भूमि सुधार तथा राजभाषा विभाग, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग और वाणिज्य कर विभाग के सचिवों को पत्र जारी कर अभ्यर्थियों की संख्या और तैयारियों के संबंध में 16 जून तक विस्तृत प्रतिवेदन मुख्यमंत्री सचिवालय को मुहैया कराने को कहा है। नियुक्ति पत्र वितरण के संचालन के लिए पंचायती राज विभाग को नोडल विभाग के रूप में नामित किया गया है। इंटरमीडिएट स्तर पर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए नियमित नियुक्ति को लेकर 01/2017 और बैकलॉग नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 02/2017 निकाली गई थी। राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने पंचायत सचिव/निम्नवर्गीय लिपिक के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन कई वजहों से मामला पेंडिंग होता चला गया।

बाद में जनवरी 2023 को जेएसएससी ने 3,088 पदों के लिए हुई परीक्षा के आधार पर 1,542 पंचायत सचिव और 647 निम्नवर्गीय लिपिक पद के लिए अभ्यर्थियों का रिजल्ट जारी किया। इस दौरान 879 पद रिक्त रह गये थे। इसके बावजूद चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र के लिए संघर्ष करना पड़ा।यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

छह माह पूर्व सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह की कोर्ट ने राज्य सरकार को राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश दिया था। इसके लिए जनवरी-फरवरी 2018 में लिखित परीक्षा हुई थी। इसको तत्कालीन रघुवर सरकार की 2016 की नियोजन नीति के आधार पर लिया गया था। 13 अनुसूचित जिलों के सभी पद स्थानीयों के लिए आरक्षित थे। शेष 11 जिलों में कोई भी आवेदन कर सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य स्तरीय मेरिट के आधार पर मेधा सूची जारी करना होगा। पांच साल के इंतजार के बाद जनवरी 2023 में जब पंचायत सेवकों और निम्नवर्गीय लिपिक का फाइनल रिजल्ट जारी हुआ तो उन्हें भरोसा हुआ कि अब सरकारी नौकरी लेने से कोई नहीं रोक पाएगा। हालांकि इसके लिए पंचायत सेवकों को लंबा संघर्ष करना पड़ा। तीन साल पहले रिजल्ट जारी नहीं होने से नाराज पंचायत सेवक सीएम आवास घेरने पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने उनपर जमकर लाठियां भी बरसाई थी। इस घटना पर भाजपा ने हेमंत सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। यहां स्पष्ट कर दें कि पंचायत सेवकों को ही बाद में पंचायत सचिव का नाम दिया गया। साल 2017 में पंचायत सचिव पद के लिए ही विज्ञापन निकाला गया था। सबसे खास बात है कि पंचायत सचिवों का पद रिक्त होने की वजह से पंचायत सचिवालय के कामकाज प्रभावित हो रहे थे।

## गृह जिला व अंतर जिला स्थानांतरण के मुद्दे पर सांसद से मिले शिक्षक नेता

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी के आवास पर राज्य के बहुप्रतीक्षित समस्या गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण के मुद्दे पर मिला। इस दौरान शिक्षकों ने सारी बातें उन्हें बतायी। शिक्षकों की बातों को सुनने के बाद सांसद डॉ महुआ मांझी ने इस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए जल्द मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए पहल करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री राकेश श्रीवास्तव शामिल थे। मोर्चा के संयोजक अमीन अहमद ने कहा कि लगातार 5 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों को पूर्व से ही अंतर जिला/गृह जिला स्थानांतरण का लाभ दिए जाने का प्रावधान राज्य में पूर्व से ही लागू था। जिसे नई स्थानांतरण नियमावली में हटा दिया गया है। इसके फलस्वरूप आज शिक्षक वर्षों सेवा देने के उपरांत भी अपने गृह जिला अथवा अंतर जिला के लाभ से वंचित हो रहे हैं। इतना ही नहीं गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण नहीं करने से शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत बच्चों की शिक्षा उनकी मातृभाषा में दिए जाने का अधिकार का उल्लंघन हो रहा है। इसके साथ ही बच्चों के पठन-पाठन में भाषाई समस्या के कारण शिक्षा में गुणात्मक समृद्धि में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने बताया कि वर्तमान में विभाग के द्वारा सिर्फ असाध्य रोग से पीड़ित एवं पति और पत्नी के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित शिक्षक शिक्षिकाओं को गृह जिला अथवा अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया आरंभ किया जा रहा है।

मोदी सरकार के नौ सालों की उपलब्धियों का जिक्र किया

# आज प्रदेश में 3 लाख से अधिक बहाली क्यों रुकी हुई है: वसुंधरा राजे

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया अपने गिरिडीह दौरे के क्रम में दूसरे व अंतिम दिन गुरूवार को पत्रकारों से मुखातिब हुई। ये अलग बात रही की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने प्रेसवार्ता के दौरान स्थानीय पत्रकारों का कोई सवाल नही लिया और मोदी सरकार के नौ सालों की उपलब्धियों का जिक्र कर कांफ्रेंस हॉल से बाहर निकल गई। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने पीएम मोदी के कार्यकाल को लेकर कहा कि अब देश की जनता मोदी के नौ साल के दौरान हुए विकास कार्यों का जिक्र खुद करती है और सवाल उठाने वाले से पूछती है क्या नही किया मोदी ने। प्रेसवार्ता में उनके साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश भाजपा नेता राकेश प्रसाद, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी भी मौजूद रहे।प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दलों के सवालों के बीच अब मोदी सरकार रोजगार मेला आयोजित कर एक लाख से अधिक नियुक्तियां एक साथ प्रदान कर रही है। 10 लाख नौकरी देने का जो लक्ष्य तय प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष तय किया था उसे लेकर अब तक तीन बार रोजगार मेला आयोजित हो चुकी है। ऐसा मजबूत इच्छाशक्ति के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने प्रदेश की हेमंत सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में 3 लाख से अधिक बहाली क्यों रुकी हुई है, इसका जवाब हेमंत सरकार को प्रदेश की जनता को देना चाहिए। वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा की झारखंड के साहिबगंज में ही एक बड़े पुल का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे बिहार जाना आसान होगा, जबकि पूर्वोत्तर के कई राज्य भी इसका फायदा उठा सकेंगे।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 50 साल बनाम मोदी सरकार के 9 साल हैं, कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए। पिछले नौ सालों में झारखंड में रांची के बाद दूसरे देवघर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ जबकि बोकारो और दुमका में एयरपोर्ट निर्माण का कार्य अंतिम दौर में है। कल तक गरीबों को अपने पैसे रखने की चिंता होती थी, वो चिंता मोदी सरकार ने बैंक खाता खोल कर दूर कर दिया। पिछले नौ साल में मोदी सरकार ने सभी योजना बगैर किसी भेदभाव के लोगो तक पहुंचाई है।

# ममता बनर्जी की कार्बन कॉपी है हेमंत सोरेन सरकार: सिद्धार्थ नाथ सिंह

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** पश्चिमी इलाहाबाद के विधायक और यूपी के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने हेमंत सरकार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की कार्बन कॉपी बताया है। लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल, अरगोड़ा (रांची) में गुरुवार को प्रेस वार्ता में कहा कि वे पार्टी के महाजनसपर्क अभियान के क्रम में झारखंड आये हैं। इससे पहले वे पश्चिम बंगाल के प्रवास पर थे। यहां की सरकार के कामकाज, तौर तरीकों को देख कर कहा जा सकता है कि वह ममता सरकार की तरह ही काम कर रही है। खनन, सिंडिकेट वर्ल्ड, तुष्टिकरण जैसे मसलों पर उसी सरकार की तरह हेमंत सरकार काम कर रही है। ऐसा लग रहा है कि हर काम को करने का तरीका उसी सरकार से चुराया गया हो। उसकी परछाई यहां काम रही है। ममता बनर्जी अपने भतीजे अभिषेक और करीबियों को अवैध रूप से लाभ दिला रही हैं। इसी तरह हेमंत भी अपने करीबियों को उद्यमी बनाने में लगे हैं। यहां धोती आवंटन तक में घोटाला हो रहा है। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा सहित अन्य भी उपस्थित थे।सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि झारखंड में स्थिति यह है कि यहां दलालों के घर से महत्वपूर्ण फाइलों का निपटारा हो रहा है। सीएम सचिवालय का महत्व ऐसे में खत्म हो जाता है। तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। इसका सबसे अधिक असर जनजाति समाज की महिलाओं, बेटियों और लोगों पर ही पड़ रहा है। उनका शोषण होने लगा है। विधानसभा में नमाज कक्ष बनाये जाने को कमरा आवंटन किया गया। पश्चिम बंगाल की तरह यहां भी अवैध घुसपैठ की समस्या जारी है। यहां तक कि डेमोग्राफी में बदलाव आ रहा है। ममता बनर्जी बांग्लादेशी वोटरों को इंपोर्ट कर रही। हेमंत सोरेन सरकार भी मूल निवासियों से आस छोड़ बांग्लादेशी वोटरों को ही यहां बसा रही है। ऐसे में भाजपा यहां भी एनआरसी लाने को प्रतिबद्ध है। बिहार, पश्चिम बंगाल जितना भी विरोध करें, इसे लाया जायेगा। यहां रहने वाले मुसलमानों को इससे कोई नुकसान नहीं होगा।

## इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी को मिली राहत फिलहाल बरकरार है। आज गुरुवार को न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में हुई सुनवाई के दौरान विधायक इरफान अंसारी की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और विधायक इरफान अंसारी को एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विधायक के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। दरअसल साल 2018 में छेड़खानी की शिकार हुई बच्ची का फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इसके खिलाफ इरफान अंसारी ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया है कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था।

**विकास** मोदी सरकार के 9साल सर्व स्पर्शी विकास को समर्पित

# नया भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार : दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज मांडर में विधानसभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो,प्रदेश उपाध्यक्ष एवम पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ,प्रदेश माहिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर ,सहित बड़ी संख्या में पार्टी के सभी सात मोर्चों के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता शामिल थे।सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9साल सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी विकास को तेजी से धरातल पर उतारा है। गांव , गरीब, किसान,दलित ,वंचित शोषित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है।श्री प्रकाश ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति,किसान,युवा,महिला, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग मोर्चा सभी केलिए उपलब्धियों का अंबार है।हम घर घर हर दरवाजे तक उसे लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि जनधन योजना हो,प्रधानमंत्री आवास हो,आयुष्मान योजना हो,मुफ्त अनाज वितरण योजना ही,उज्जवला योजना हो,किसान सम्मान निधि हो,पेंशन योजना हो सभी योजनाओं में विभिन्न मोर्चों से जुड़े क्षेत्र के लोग करोड़ों की संख्या में लाभान्वित हुए हैं।उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाने की हर संभव कोशिश केंद्र सरकार ने की है। उन्होंने कहा एक तरफ देश में विकास की गति तेज हुई है साथ ही पूरे दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश का सांस्कृतिक गौरव महिमा मंडित हुआ है। उन्होंने एक भारत ,श्रेष्ठ भारत ,स्वावलंबी भारत,विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने केलिए2024में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। कहा कि झारखंड की जनता झारखंड से 14 लोकसभा में भाजपा को जीत दिलाने केलिए संकल्पित है। श्री प्रकाश ने राज्य से भ्रष्ट,निकम्मी, आदिवासी, दलित महिला,पिछड़ा,युवा विरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

## पेज एक का शेष

### अंतरिक्ष से ऐसा नजर .. .. ..

बिपार्जॉय है। उस तूफान ने लगातार दो सप्ताह तक समुद्र में अपनी ताकत हासिल की है। अब वह जमीन की तरफ बढ़ रहा है। फिलहाल के आकलन के मुताबिक इसके भारत पाकिस्तान सीमा पर कच्छ में टकराने की उम्मीद है।

### सुरक्षाबलों के तलाशी.. .. ..

ईस्ट और इंफाल वेस्ट में जिला प्रशासन ने कर्फ्यू में ढील की दिए जाने की अवधि को घटाते हुए उसे सुबह पांच बजे से शाम छह बजे की बजाय सुबह पांच से सुबह नौ बजे तक कर दिया है। हिंसा प्रभावित मणिपुर के 16 जिलों में से 11 में अब भी कर्फ्यू लगा हुआ है, जबकि पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। भारतीय सेना की स्पीयर कोर द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि सीमांत क्षेत्रों और ऊंचे इलाकों में लंबी अवधि की स्व-निहित टुकड़ियों द्वारा वर्चस्व चलाया जा रहा है।

दूसरी ओर, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के असम प्रमुख रिपुन बोरा ने 15 जून को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा नेता राम माधव के साथ मणिपुर आतंकवादी संगठन के कथित संबंधों की जांच के लिए कोई कदम नहीं उठाने में केंद्र सरकार की निष्क्रियता के लिए अपनी नाराजगी व्यक्त की।

बोरा भारत सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं क्योंकि वह हर समय विपक्षी नेताओं के खिलाफ सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करती रही है। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार 2017 में मणिपुर चुनाव में कुकी उग्रवादियों के साथ असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा के शामिल होने के आरोपों पर चुप क्यों है? बोरा ने आरोपों की एनआईए जांच और एनएसए अधिनियम के तहत सरमा की गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच, उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के उत्तर-पूर्व लोकतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक होने और आतंकवादी संगठनों के साथ संबंध होने के नाते, सरमा को अब उस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए।

### उदघाटन के पहले ही .. ..

की उचित गुणवत्ता बनाए नहीं रखने के लिए ब्लैकलिस्ट करने का फैसला किया है और दंडात्मक कार्रवाई के तहत फर्म से पैसे वसूलने का आदेश दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी ने एक बयान में कहा कि अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, वडोदरा, मेहसाणा सहित अन्य जिलों में पुल गिरने के मामले सामने आए हैं। ताजा घटना से कम से कम 15 गांव प्रभावित हुए हैं। दोशी ने आरोप लगाया, लोग भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार मॉडल से तंग आ चुके हैं। पिछले साल मोरबी पुल हादसे में 132 लोगों की मौत को याद करते हुए दोशी ने कहा, भ्रष्ट अधिकारियों और भाजपा-ठेकेदार गठजोड़ के खिलाफ कार्रवाई कब होगी।

### तमिलनाडु में भी सीबीआई .. ..

हालांकि दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम 1946 राज्य की पूर्व अनुमति को अनिवार्य बनाता है, 1989 और 1992 में मामलों की कुछ श्रेणियों के लिए कुछ अपवाद बनाए गए थे। इसे रद्द कर दिया गया है। हालांकि राज्य सरकार के कदम से प्रवर्तन निदेशालय या राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच प्रभावित नहीं होगी। सीबीआई पर लगाम लगाने वाला आखिरी राज्य पंजाब था।

### आबादी बढ़ाने के लिए .. ..

लेकिन 50 साल पहले यानी 70 के दशक में यह संख्या 20 लाख से भी ज्यादा थी। मुख्य रूप से रहने की बढ़ती लागत के कारण, जापानियों में शादी करने और बच्चे पैदा करने में व्यापक अनिच्छा रही है। नतीजतन, जापान दुनिया में सबसे पुरानी आबादी वाला देश बन गया है। देश के नीति निमार्ता इस मुद्दे को लेकर कई सालों से चिंता जताते रहे हैं। अगले तीन वर्षों के लिए बच्चे के जन्म और पालन-पोषण के लिए वार्षिक बजट साढ़े तीन ट्रिलियन येन पारित किया गया है। सरकार ने बच्चे के जन्म, पालन-पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहनों को बढ़ाने की घोषणा की है। साथ ही चाइल्ड केयर लीव के दौरान माता-पिता को विशेष भत्ता दिया जाएगा। वीकेंड को बढ़ाने की भी योजना है।

### यह रोबोट उबड़ खाबड़ रास्तों .. ..

कि यह चार पैरों वाले रोबोट को 3डी में अधिक स्पष्ट रूप से देखने के लिए प्रशिक्षित करता है। इस सुधार की वजह से एक रोबोट को स्वायत्तता से चुनौतीपूर्ण इलाके को आसानी से पार करने में सक्षम बनाया है। इस रास्ते में सीढ़ियाँ, पथरीली जमीन और खाई से भरे रास्ते शामिल हैं। इसके अलावा वह अपने विवेक से अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए आगे बढ़ता है। शोधकर्ता कंप्यूटर विजन एंड पैटर्न रिकग्निशन (सीवीपीआर) पर 2023 सम्मेलन में अपना काम पेश करेंगे, जो कनाडा के वैंकूवर में 18 से 22 जून तक होगा।

यूसी सैन डिएगो जैकब्स स्कूल में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर, वरिष्ठ लेखक शियाओलोंग वांग ने कहा, रोबोट को 3 डी में अपने परिवेश की बेहतर समझ प्रदान करके, इसे वास्तविक दुनिया में अधिक जटिल वातावरण में तैनात किया जा सकता है। रोबोट अपने सिर पर आगे की ओर गहराई वाले कैमरे से लैस है। कैमरा एक ऐसे कोण पर नीचे की ओर झुका हुआ है जो इसे अपने सामने के दृश्य और इसके नीचे के इलाके दोनों का एक अच्छा दृश्य देता है।

वांग ने कहा, हमारा दृष्टिकोण रोबोट को अपने 3डी परिवेश की अल्पकालिक स्मृति बनाने की अनुमति देता है ताकि यह बेहतर कार्य कर सके। शोधकताओं ने एल्गोरिदम विकसित किए जो कंप्यूटर दृष्टि को इसके काम करने के साथ जोड़ते हैं - जिसमें आंदोलन, दिशा, गति, स्थान और स्पर्श की भावना शामिल है। इस चार पैर वाले रोबोट को चलने और चलाने में सक्षम बनाने के लिए बाधाओं से बचते हुए असमान जमीन। यहां अग्रिम यह है कि रोबोट की 3डी धारणा में सुधार करके आगे बढ़ता है। शोधकर्ता दिखाते हैं कि रोबोट पहले की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण इलाके को पार कर सकता है।

### रूसी परमाणु हथियार .. ..

कि वे इस मुद्दे को धीरे-धीरे ले रहे थे, उन्होंने वादा किया कि एक बार जब हम उन्हें प्राप्त कर लेंगे तो वे पत्रकार की आंखों पर पट्टी बांधकर हथियारों को देखने के लिए एक भंडारण सुविधा में ले जाएंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने शुक्रवार को रूस के सोची में एक टेलीविजन बैठक में लुकाशेंको से कहा कि बेलारूस में परमाणु भंडारण का निर्माण 7-8 जुलाई तक पूरा हो जाएगा और इसके तुरंत बाद सामरिक हथियारों का हस्तांतरण शुरू हो जाएगा।

उन्होंने मार्च में घोषणा की कि वे बेलारूस में परमाणु हथियार ले जाएंगे, अमेरिका और उसके उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन के सहयोगियों के साथ टकराव को तेज करते हुए, जो रूस की हमलावर सेना को पीछे धकेलने में मदद करने के लिए यूक्रेन को अरबों डॉलर के हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं। बेलारूसी सैनिकों को सामरिक विशेष युद्ध सामग्री के भंडारण और उपयोग पर प्रशिक्षित किया है। लुकाशेंको, जिन्होंने पहले कहा था कि अगर बेलारूस पर हमला हुआ तो बिना किसी हिचकिचाहट के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया जाएगा, उन्होंने कहा कि उन्हें पुतिन को बुलाने और जरूरत पड़ने पर हमले के लिए सहमत होने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

रूस ने बार-बार सुझाव दिया है कि वह यूक्रेन में अपने युद्ध के दौरान सामरिक परमाणु हथियारों को तैनात कर सकता है, अमेरिका और यूरोप की आलोचना के साथ-साथ चीन और भारत सहित देश जो मास्को में सरकार के अधिक समर्थक रहे हैं। लुकाशेंको, जिनके देश में यूक्रेन के साथ-साथ नाटो सदस्यों पोलैंड, लिथुआनिया और लातविया के साथ 1,000 किलोमीटर (620 मील) की सीमा है, ने रूस को फरवरी 2022 की शुरूआत में कियेब पर कब्जा करने के असफल प्रयास के लिए बेलारूस को एक लॉन्चपैड के रूप में उपयोग करने की अनुमति दी। उन्होंने यह दोहराया है कि अगर पुतिन को बहुत ज्यादा उकसाया गया तो वह परमाणु हथियार का बेधड़क इस्तेमाल कर देंगे।

## शहर >> अपडेट

### टूर्नामेंट का हुआ भव्य आगाज

**रांची :** कांके प्रखंड के चुट्टू रिंग रोड के समीम क्रिकेट मैदान में जीवन ज्योति क्लब के सौजन्य से चुट्टू प्रीमियम नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज हुआ। टूर्नामेंट का पहला मैच रांची के सुपरस्टार इरबा और बीआईटी मोड़ टीम के बीच खेला गया। जहां टॉस जीत कर बीआईटी की टीम ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इरबा टीम ने अपने निर्धारित 8 ओवर में 10 विकेट गंवाकर महज 40 रन बना सकी। दूसरी पारी में खेलने उतरी बीआईटी मोड़ की टीम को मिले लक्ष्य को हासिल कर पहला मैच जीत कर अगले राउंड में पहुंचा। मैच की समाप्ति पर बीआईटी टीम के सुमन सौरभ को मैन ऑफ द मैच का खिताब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शरीफ अंसारी, हाजी जबुल अंसारी, व टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष मोदस्सीर अहरार, राजा मेहंदी हसन, रश्शान अंसारी, जुनैद, सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

**चैंबर**

### शनिवार से आवेदन फॉर्म चैंबर भवन में उपलब्ध

# आर्थिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए चैंबर लगायेगा मुद्रा लोन मेला

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बैकों के सहयोग से चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से मुद्रा लोन मेले का आयोजन किया जा रहा है। मुद्रा मेला के आयोजन को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के उच्चाधिकारियों के साथ वार्ता की गई। सभी बैंकों द्वारा इसकी सकारात्मक सहमति दी गई है। लोन लेने के ईच्छुक लोग अपने प्रोजेक्ट रिपोर्ट व सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ चैंबर भवन में आवेदन जमा कर सकते हैं। शनिवार से आवेदन फॉर्म चैंबर भवन में उपलब्ध रहेगा। आवेदक को आवेदन फॉर्म के साथ आधार कार्ड, पैन, बिजली




बिल, बिजनेस जिस जगह पर संचालित है उसका प्रमाण साथ में संलग्न करना है। यह लोन केवल स्थानीय पते पर निवास कर रहे लोगों को ही दिया जायेगा। चैंबर को प्राप्त होनेवाले आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद आवेदकों को लोन देने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पूर्व से व्यापार में संलग्न छोटे-छोटे व्यापारियों द्वारा अपने व्यापार को विस्तार देने के साथ ही स्वरोजगार शुरू करने में लगनेवाले ऋण की जरूरतों और इसकी आसान उपलब्धता में आ रही परेशानियों को देखते हुए ही इस मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

बैंक और आवेदकों के बीच चैंबर मध्यस्थता करके आसानीपूर्वक लोन मुहैया कराने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभायेगा। छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप शुरू करनेवाले लोगों के लिए यह अमृत का काम करेगा। मुद्रा योजना के तहत शिशु, किशोर और तरूण तीन प्रकार के लोन की सुविधा दी गई है। 50 हजार से 10 लाख रुपए तक कोलेटेरोल फ्री लोन मिलने से राज्य में निश्चित रूप से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। चैंबर इसके लिए प्रयासरत है।

## न्यूज फटाफट

### योग दिवस पर 21 को मेकॉक स्टेडियम में कार्यक्रम, स्वास्थ्य मंत्री लेंगे हिस्सा




**रांची :** नौवां विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग विशेष तैयारी कर रहा है। आयुष निदेशालय की ओर से इस दिन मेकॉन स्टेडियम में खास आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह छह बजे से शुरू होगा। जानकारी के अनुसार इस दौरान योग विशेषज्ञ के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित विभागीय पदाधिकारियों के अलावा कई अन्य भी योग करेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने में विभाग जुटा हुआ है। फिलहाल विभाग की ओर से 15 जून से ही योग काउंटडाऊन कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जेल मोड़ के समीप योग केंद्र में योग विशेषज्ञों के द्वारा हर दिन सुबह में योगाभ्यास कराया जा रहा है। शाम को बच्चों व बड़ों के लिए योग से संबंधित विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। 21 जून को योग दिवस पर कार्यक्रम का समापन होगा। इस बार का थीम हर घर आंगन योग रखा गया है।

### खिलाड़ियों के द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर झारखंड मलखंब अकादमी,बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय,सेक्टर-2,धुर्वा, रांची केन्द्र के बालक-बालिका खिलाड़ियों के द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम के तहत बालक -बालिका ने पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड बनाकर दर्शकों को आकर्षित किया। राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुशिखा कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, कावेरी कुमारी, आरूषी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनम गाड़ी एवं सौम्या सेजल वर्मा ने शानदार पोल पिरामिड का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, निखिल कुमार , प्रीति रानी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस पर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ अजय झा ने मलखंब के इतिहास पर विस्तृत जानकारी दी।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के रक्त दान कैम्प का चौथा चरण

**रांची :** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का रक्तदान कैम्प का चौथा चरण चला । यह कैम्प टोरेंट बजाज 7 बी टी रोड मंगल रथ कम्पाउंड किशोर गंज चौक के पास लगाया गया जिसके ऑनर कमल सिंघानिया जी है । चीफ गेस्ट सांसद (राज्यसभा) महुआ माँझी जी के हाथो कार्यक्रम की शुरूआत हुई । उन्होंने कहा आज की आज हमारे बैज्ञानिको ने सब चीजो का अविष्कार कर लिया एवं बना लिया है , लेकिन ब्लड ही एसी चीज है जिसको बनाया नहीं जा सकता , इसे एक मून से दूसरे मून में ही लिया जा सकता है , इसलिए रक्तदान जरूर करना चाहिए । उन्होंने समर्पण शाखा को काफी प्रोत्साहित किया । प्रांतीय रक्तदान सयोजक पिंकेश खंडेलवाल एवं मंडलीय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया भी उपस्थित थे । अध्यक्ष स्वेता भाला ने कहा रक्तदान दान महादान है ' आज हमारी युवा पीढ़ी बहुत ही जागरूक हो गई है, वो आगे बढ़ खुद रक्तदान कर रही है ' हम सबको मिलकर रक्तदान करना चाहिए जिससे हम अनेक जिंदगी बचा सकते हैं ' रक्तदान करके देखिए अच्छा लगता है । ,लोगो ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान में हिस्सा लिया।

### परिवार के किसी एक सदस्य को अनुबंध पर रांची विश्वविद्यालय देगा नौकरी

**रांची :** दुर्घटना में एक छात्र की मौत के बाद रांची यूनिवर्सिटी के मोरहाबादी कैंपस में स्थित 43 साल पुरानी सेंट्रल लाइब्रेरी को आज से बंद कर दिया गया है। अब इस परिसर के जर्जर भागों का मरम्मत कराया जायेगा। जिसके बाद ही सेंट्रल लाइब्रेरी फिर से शुरू किया जायेगा। इधर, हादसे की जांच को लेकर कुलपति के निर्देश के बाद डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सोशल साइंस डीन डॉ. मधुमिता दास गुप्ता और फिजिक्स के एचओडी डॉ. एसके डे शामिल हैं। कुलपति ने एक सप्ताह में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश कमेटी को दिया है। आक्रोशित छात्रों ने लगातार प्रदर्शन करते हुए सीसीडीसी और स्टेट अफसर को हटाने की मांग की। जिस पर वीसी प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा और स्टेट अफसर को हटाने की घोषणा की। घटना के बाद आरयू प्रबंधन ने मृतक के आश्रित को योग्यतानुसार रांची यूनिवर्सिटी या विनोबा भावे विवि में अनुबंध पर नौकरी देने की बात कही है। जिसमें पद को एक माह में स्थायी किया जाएगा। इसके अलावे मृतक मंतोष के परिजनों को 4 लाख का मुआवजा भी दिया जाएगा। मौके पर मंतोष के पिता सहजनाथ बेदिया को एक लाख का चेक दिया गया।

### योग दिवस पर 21 को मेकॉक स्टेडियम में कार्यक्रम, स्वास्थ्य मंत्री लेंगे हिस्सा

**रांची :** नौवां विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग विशेष तैयारी कर रहा है। आयुष निदेशालय की ओर से इस दिन मेकॉन स्टेडियम में खास आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह छह बजे से शुरू होगा। जानकारी के अनुसार इस दौरान योग विशेषज्ञ के साथ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित विभागीय पदाधिकारियों के अलावा कई अन्य भी योग करेंगे। तैयारियों को अंतिम रूप देने में विभाग जुटा हुआ है। फिलहाल विभाग की ओर से 15 जून से ही योग काउंटडाऊन कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जेल मोड़ के समीप योग केंद्र में योग विशेषज्ञों के द्वारा हर दिन सुबह में योगाभ्यास कराया जा रहा है। शाम को बच्चों व बड़ों के लिए योग से संबंधित विभिन्न तरह के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। 21 जून को योग दिवस पर कार्यक्रम का समापन होगा। इस बार का थीम हर घर आंगन योग रखा गया है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी का चुनाव आज

**रांची :** रेड क्रॉस सोसाइटी का चुनाव कल 16 जून को होगा। इसके लिए सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक मतदान किये जायेंगे। इसके लिए दो टीमें चुनावी मैदान में हैं। 1400 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर टीम परिवर्तन के सदस्यों ने अपने चुनावी एजेंडे की जानकारी दी है। अपना मिशन बताते हुए टीम के अतुल गेरा ने बताया कि उनका पहला उद्देश्य रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड बैंक को एक्टिव करना है। प्रोसेसिंग चार्ज निशुल्क कर देना है। प्रोसेसिंग का खर्च रेड क्रॉस के अन्य स्त्रोतों से किया जायेगा। वहीं अंतिम यात्रा वाहन और मॉचरी बॉक्स की निशुल्क व्यवस्था की जायेगी। रेड क्रॉस में जन औषधि केंद्र और मेंबर डॉक्टरों के द्वारा ओपीडी की सुविधा निशुल्क लोगों को दिए जाने की योजना है। फर्स्ट एड और डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए वोकेशनल कोर्स की शुरूआत कराने की भी योजना है। इसके अलावा रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं और शिक्षा की सुविधाओं को प्रमोट करने की बात कही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम परिवर्तन के डॉ प्रभात कुमार, सुरेश चंद्र बोथरा, भाई गोकुल चंद, विकास कुमार सिंह, सुरेश चंद्र अग्रवाल, डॉ राजीव कुमार, डॉ वीके जैन, डॉ अंशु साहू और राघव जालान उपस्थित थे।

## मध्याह्न भोजन और राशन में भी मिलेट्स दे राज्य सरकार



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सिविल सोसायटी समूहों और एक गैर-लाभकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को झारखंड सरकार से अपने मध्याह्न भोजन प्रणाली में बाजरा आधारित खाद्य पदार्थों को शामिल करने का आग्रह किया। गैर-लाभकारी संगठन ग्रीनपीस इंडिया द्वारा प्रकाशित 'मिलेट्सः ए गेम चेंजर फॉर न्यूट्रिशनल सिक्योरिटी एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस इन झारखंड' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट ने राज्य सरकार को नई नीतियों का मसौदा तैयार करने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो बिना पॉलिश किए मोटे अनाज की खरीद का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य कार्यक्रम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत चावल, और दालों की घरेलू किस्में। भोजन के अधिकार अभियान के राज्य संयोजक अशरफी नंद प्रसाद ने कहा कि भारत के 80प्रतिशत से अधिक किशोर छिपी हुई भूख से पीड़ित हैं। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य में लगभग 67.5 प्रतिशत बच्चे और 56.8 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिक हैं।बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के गृह विज्ञान विभाग की एक संकाय सदस्य रेखा सिन्हा ने कहा कि बच्चों और महिलाओं के आहार में बाजरा को शामिल करना कुपोषण से लड़ने में गेमचेंजर साबित होगा।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव रद्द,अनियमितता की मिली थी शिकायत



▶▶जल्दी चुनाव की नई तारीख जारी की जाएगी

▶▶चुनाव में भाग लेने वाले सारे प्रतिनिधि जमकर प्रचार में भी लगे हुए थे

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव रद्द कर दिया गया है। डेलिगेट्स अनियमितता में मिली शिकायत को लेकर पुलिस मुख्यालय के द्वारा चुनाव को रद्द करने का आदेश दिया गया है। झारखंड में जूनियर पुलिस अफसरों की प्रतिनिधि संस्था झारखंड पुलिस एसोसिएशन में होने वाले चुनाव को रद्द कर दिया गया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय की डीआईजी कार्मिक ए विजयालक्ष्मी ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। झारखंड पुलिस एसोसिएशन का सातवां अधिवेशन और केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव 15, 16 व 17 जून को प्रस्तावित था। राज्य पुलिस मुख्यालय के आदेश में जिक्र है कि चुनाव में डेलीगेट्स बनाने में अनियमितता की शिकायत विभिन्न स्रोतों से मिली थी।

पुलिस मुख्यालय ने 8 मई को रांची एसएसपी, गढ़वा एसपी, बोकारो, विशेष शाखा से डेलीगेट्स चयन में अनियमितता से संबंधित मामले में निर्देश दिया गया था। पुलिस मुख्यालय के आदेश में जिक्र है कि चुनाव को लेकर रांची एसएसपी किशोर कौशल ने जो जांच की, उसमें डेलीगेट्स के चयन में गड़बड़ी के आरोप को सही पाया था। ऐसे में पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है कि डेलीगेट्स के चयन में अनियमितता व शिकायतों के निराकरण के बाद ही चुनाव कराया जाए। इधर झारखंड पुलिस एसोसिएशन की तरफ से चुनाव और अधिवेशन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थी। शहर के कई होटलों में कमरे बुक करवा लिए गए थे। अधिवेशन को लेकर रिम्स ऑडिटोरियम भी बुक करवा लिया गया था। चुनाव में भाग लेने वाले सारे प्रतिनिधि जमकर प्रचार में भी लगे हुए थे। पुलिस एसोसिएशन के दफ्तर को भी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार कर लिया गया था। इधर पुलिस एसोसिएशन से मिली सूचना के अनुसार जल्दी चुनाव की नई तारीख जारी की जाएगी। जो भी विवाद सामने आया है, उसे जल्द से जल्द सुलझा कर चुनाव की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

## दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए घंटों इंतजार करते रहे दिव्यांगजन



▶▶बच्चों-बुजुर्गों को एक ग्लास पानी तक के लिए मोहताज रहना पड़ा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर रांची सदर अस्पताल में हर बुधवार को शिविर लगा कर दिव्यांगों की मेडिकल जांच की जाती है। लेकिन इस बुधवार को दर्जनों दिव्यांग मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक का इंतजार करते रहे, लेकिन बोर्ड के चिकित्सक डॉ एबीके बाखला नहीं पहुंचे। इन सब के बीच बोर्ड में शामिल होने आए दिव्यांग आक्रोशित हो गए। एनजीओ झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी ने कहा कि दर्जनों की संख्या में दिव्यांग मेडिकल बोर्ड में शामिल होने के लिए रांची के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे थे।

इस भीषण गर्मी में चिकित्सक का इंतजार करते रहे, लेकिन वो नहीं पहुंचे। संतोष ने कहा कि दिव्यांग बोर्ड में शामिल होने के लिए आए बच्चों-बुजुर्गों को एक ग्लास पानी तक के लिए मोहताज रहना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दिव्यांग मीसा भारती यूडीआईडी कार्ड के लिए पिछले डेढ़ महीने से सदर अस्पताल का चक्कर काट रही हैं, लेकिन उसे कार्ड नहीं दिया गया। जबकि नियम के अनुसार 7 से 10 दिन के अंदर सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद कार्ड दे देना चाहिए। वहीं दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सक डॉ एबीके बाखला ने कहा कि बुधवार को मेरी गवाही जमशेदपुर कोर्ट में होनी थी। जिसके लिए मैं जमशेदपुर गया हुआ था। इसकी जानकारी बाकायदा एप्लीकेशन के माध्यम से सदर अस्पताल प्रबंधन को दे दिया था। प्रबंधन को वैकल्पिक व्यवस्था करने को भी कहा था। दिव्यांगजनों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

## झालसा के प्रयास से कई परिवारों में मेल स्थापित हुआ



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पूनम कुमारी और उनके पति मनोज कुमार गुप्ता अपनी बेटी के साथ एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे जब तक कि कई गलतफहमियों ने उनके विवाहित जीवन को कड़वा नहीं बना दिया। कुमारी ने घरेलू हिंसा और दहेज जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए गुप्ता के खिलाफ 2018 में महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालाँकि, झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के तत्वावधान में आयोजित मन का मिलन कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता के लाभ के बारे में दंपति आश्वस्त थे। अदालत द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण पद्धति के माध्यम से समाधान का आदेश दिए जाने के बाद, बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई और युगल ने पुनर्मिलन का फैसला किया। इसी तरह, एक आदिवासी युगल - भीम बैठा और रिंकी उरैन - जो कई वर्षों से अलग रह रहे थे, वे भी एमकेएम पखवाड़े के दौरान फिर से मिल गए।

### टैली प्राइम 3.0 के लॉन्च की घोषणा

**रांची :** टैली सोल्युशन्स ने टैली प्राइम 3.0 के लॉन्च की घोषणा की है। इस नई रिलीज के साथ टैली जीएसटी समाधानों में सुधार लाते हुए बिजनसेज की रिपोर्टिंग क्षमता को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। इसकी मदद से बिजनसेज को अपनी बकाया राशि तेजी से जुटाने में मदद मिलेगी। टैली सोल्युशन्स को उम्मीद है कि यह रिलीज अगले कुछ सालों में कंपनी के राजस्व को दोगुना करने और इसके कस्टमर्स की संख्या को 2.3 से 3.5 मिलियन तक पहुंचाने में मदद करेगी। मल्टीजीएसटीआईएन क्षमता के साथ टैली प्राइम 3.0 के यूजर एक ही टैली कंपनी में मल्टीपल जीएसटीआईएन डेटा को मैनेज कर सकेंगे, जिससे कस्टमर्स के लिए अपने बिजनेस डेटा को मेंटेन रखना आसान हो जाएगा। नई रीलीज जीएसटी रिटर्न जनरेट करने तथा जीएसटीआर 1, 2 ए एवं 3 बी के रीकन्साइलेशन के लिए जबरदस्त स्पीड देती है, इससे ये सभी काम बड़ी आसानी से हो जाते हैं।

**बीएयू**

### प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक में बोले कुलपति

# सरकारी संस्थानों से बेहतर तालमेल बनाकर करे काम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) एवं महाविद्यालयों को स्थानीय प्रशासन एवं कृषि से जुड़े सरकारी संस्थानों से बेहतर समन्वय एवं तालमेल स्थापित करने को कहा है। साथ ही कृषि प्रसार कार्यों में गुणात्मक तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग और अभिनव कृषि तकनीकी को बढ़ावा देने पर बल दिया है। कुलपति बीएयू के प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक में बोल रहे थे। कुलपति ने हरेक केवीके को अपने जिले के एक गांव को अंगीकृत कर आदर्श कृषि गांव स्थापित करने पर जोर दिया। ताकि बहुतायत स्थानीय किसानों को तकनीकी लाभ मिले। कहा कि



जल्द ही हजारीबाग एवं देवघर जिले के केवीके बीएयू से जुड़ेंगे। उन्होंने कृषि प्रसार सेवा के बेहतर लाभप्रदता के लिए सभी केवीके में प्रतिस्पर्धा की जरुरत पर जोर दिया। कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार हरसंभव सहयोग दे रही है, केवीके वैज्ञानिकों को किसानों के हित में प्रसार कार्यो में तेजी लानी होगी। मौके पर कुलपति एवं अतिथियों द्वारा एक्सटेंशन हाइलाइट्स 2022-23 पुस्तिका का विमोचन किया गया। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 7 किसानों मोहन प्रजापति, हरेन्द्र साहा, जे उरांव, राज कुमार बेदिया, भुबनेश्वर मांझी, समसुल होदा एवं बिट्टू कुमार को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक रीवोल्विंग फण्ड के सृजन के लिए केवीके विकास भारती, गुमला को पुरुस्कृत किया गया। परिषद् के विशेषज्ञ डॉ डीएस राठौर, पूर्व कुलपति, सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने कृषि प्रसार तंत्रों को नये तकनीकी हस्तांतरण में विद्यमान तकनीकी की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने पर बल दिया और जिले के प्रसार तंत्र को बेहतर परिणाम के लिए मिशन मोड में तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। परिषद् के विशेषज्ञ डॉ पितांबर सवैन, प्राध्यापक एवं प्रधान, पशुपालन एवं पशुचिकित्सा प्रभाग, उड़ीसा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर ने किसानों के हित में लाभकारी कृषि तकनीकी का त्वरित हस्तांतरण और स्थानीय अनुरूप उपयोगी तकनीकी को बढ़ावा देने एवं किसानों की बेहतर आमदनी के लिए पशुपालन एवं पशुचिकित्सा की तकनीकी सेवा को प्राथमिकता देने की बात कही। मौके पर डॉ अंजनी कुमार, निदेशक,आईसीएआरझअटारी, पटना ने विपरीत स्थिति में कृषि विज्ञान केन्द्रों को बढ़ावा देने में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के योगदान को सराहनीय बताया। केवीके वैज्ञानिकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन से कुलपति के कंधो को मजबुत करने तथा राज्य एवं किसानों के हित में बेहतर ढंग से सही समय पर कार्यो के निष्पादन पर बल दिया। प्रसार कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में आउटपूट के मूल्यांकन से बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत दो की हालत गंभीर

**गोला** : गोला प्रखंड क्षेत्र जांगी गाँव निवासी सुरज करमाली दिगम्बर मुंडा एवं चमन भोगता एक ही मोटर साइकिल में सवार होकर रांची गये थे, लौटने के क्रम में ओरमाँझी के समीप अज्ञात बाहन के चपेट में आने से सुरज करमाली( 18 वर्ष) की मौत घटनास्थल पर ही गई जबकि चमन भोगता एवं दिगम्बर मुंडा गंभीर रूप घायल हो गए उनक ईलाज रिम्स राँची में चल रहा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कुएं में गिरकर घायल हुए व्यक्ति का हुआ रिम्स में कमर का सर्जरी

**बेरमो** : जरीडीह बाजार निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता के पहल के बाद कुएं में गिरकर घायल राजेश कुमार वर्णवाल का सर्जरी रांची रिम्स में सफलतापूर्वक बुधवार को हो गया। राजेश कुमार वर्णवाल बोकारो जिले के तूपकाडीह के रहने वाले हैं, विगत लगभग 10 दिन पहले काम करने के दौरान अचानक कुआं में गिर गए जिस कारण कमर में गंभीर चोटें आई परिवार वालों ने आनन-फानन में राजेश कुमार को रिम्स में एडमिट करवाया। लगभग 10 दिन बीत जाने के बाद इलाज में दिक्कतें आ रही थी तभी राजेश वर्णवाल के भाई संजय बरनवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता को आपबीती बताकर मदद की गुहार लगाई। मामले को सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता ने ट्वीट कर मंत्री चंपई सोरेन को अवगत कराया मंत्री ने मामले को संज्ञान में लेते हुए रांची रिम्स एवं डॉ विकास को दिशा निर्देश दिए। वही मामले को संज्ञान में लेते हुए रांची रिम्स में बुधवार को सफलतापूर्वक सर्जरी हो गई इस कार्य के लिए संजय बरनवाल ने सभी को धन्यवाद दिया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रैयत विस्थापित मोर्चा ने जारंगडीह में गठित की विस्थापित बेरोजगार संवेदक समिति

**बेरमो /जारंगडीह** : बीते दिनों सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना स्थित सीसीएल रेस्ट हाउस में रैयत विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता में रैयत विस्थापित बेरोजगार संवेदक समिति की गठन को लेकर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिस बैठक का संचालन मो इस्तेखार द्वारा किया गया। घंटो चली इस बैठक में यह मुद्दा गहराया रहा कि किस तरह सीसीएल प्रबंधन स्थानीय बेरोजगार विस्थापितों को ठेका कार्यो से लगातार वंचित करने मे तथा बड़े ठेकेदारों को प्राथमिकता देने मे जुटी हैं जिस कारण स्थानीय बेरोजगार विस्थापितों के समक्ष भुखो मरने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हालांकि जारंगडीह परियोजना क्षेत्र में पुर्व से संवेदकों की समिति कार्य कर रही है मगर वे संवेदकों से अधिक सीसीएल प्रबंधन की जी हुजूरी मे जुटी है। इस लिए यहां एक नये संवेदक समिति की गठन की आवश्यकता आन पड़ी है और इसी को लेकर यह बैठक आयोजित है। मौके पर मौजूद सभी लोगो ने अपने अपने सूझाव रखे और सर्व सम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चुनाव आयोजित हुआ जिसमें संरक्षक के रूप में मो ऐनूल अंसारी समिति के अध्यक्ष के रूप में मो इस्लाम अंसारी, सचिव दिलीप मंडल, कोषाध्यक्ष मो सरफराज तथा संगठन सचिव के रूप में इस्तेखार अंसारी को चुना गया। चुनाव उपरांत सगठन द्वारा सभी मनोनीत पदाधिकारियों को माला पहना और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर रैतय विस्थापित मोर्चा जारंगडीह शाखा अध्यक्ष सह रैयत विस्थापित बेरोजगार संवेदक समिति के अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा तथा केन्द्रीय महासचिव इकबाल अहमद के नेतृत्व में हमने विस्थापितों की यादगार लड़ाई जारंगडीह परियोजना में लड़ी है और विस्थापितों के हक व अधिकार की पहल की है।

**भारत बंद** आदिवासियों की सरना कोड लागू करना, जैनियों से पारस नाथ पहाड़ को मुक्त करना

# भारत बंद को लेकर बोकारो, रामगढ़ और रांची सड़क पूरी तरह से जाम

- संथाली भाषा राज्य के प्रथम भाषा मे लागू करना
- झारखण्ड से जेएमएम पार्टी और उड़ीसा के बिजेटी पार्टी ने ससमर्थ दिया है

राष्ट्रीय खबर




**बेरमो** : बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड स्थित पेटरवार-रामगढ़ और रांची रोड़ एन एच 23 को पूरी तरह से आदिवासी सेंगल अभियान के समर्थक देवनारायण मुर्मू के नेतृत्व में पूरे सड़क को जाम कर दिया गया।

वंही सेंगल अभियान के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने बताया कि आदिवासियों की सरना कोड़ लागू करना, जैनियों से पारस नाथ पहाड़ को मुक्त करना, संथाली भाषा राज्य के प्रथम भाषा मे लागू करना, कुर्मी को आदिवासी की दर्जा देने के लिए बंगाल से टी एम सी, झारखण्ड से जेएमएम पार्टी और उड़ीसा के बिजेटी पार्टी ने ससमर्थ दिया है तो उसका विरोध करते हैं यदि कुर्मी आदिवासी बनता है तो आदिवासियों के लिए ये फांसी का फंदा होगा और पांचवा जो आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जो वंशवाद चल रहा है उसमें संविधान, कानून और गणतन्त्र को लागू करना चाहते है और यदि हमारी मांग को सरकार नही मानती है तो 30 जून 2023 हुल दिवस ((क्रान्ति दिवस) के दिन कलकत्ता के बिग्रेड परेड मैदान में लाखो आदिवासी जुटेगें और वहां से आदिवासियों के समाजिक, धार्मिक और राजनीतिक आजादी के बिगुल फूकेंगे। इन्ही सब बातों को लेकर एन एच 23 को जाम कर दिया गया।

### तुपकाडीह में आदिवासी सेंगेल अभियान को लेकर किया गया सड़क जाम




**बेरमो** : आदिवासी सेंगेल अभियान बोकारो झारखंड के द्वारा सरना धर्म कोड मान्यता हेतु 15 जून 2023 को भारत बंद को लेकर तुपकाडीह मे किया गया जाम। आदिवासी सेंगेल अभियान बोकारो झारखंड के लोगों ने कहा कि सरकार सरना कोड को अविलंब लागू करें। मांरग बुरु को सरकार जैनो के हाथ मे सौपने का काम झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है उसे अविंलम वापस करे। झारंखड मे सबसे बडी भाषा जन जाति भाषा सांथाली है उसे सरकार के प्रथम भाषा का दर्जा दिया है। कहा कि जब तक हमलोगो की माँग पुरी नहीं होगी तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

## पीवीयूएन में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू** : विश्व रक्तदाता दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है ताकि स्वेच्छापूर्वक रक्तदाताओं के निःस्वार्थ कार्यों का धन्यवाद किया जा सके और जीवन और मानवता का जश्न मनाया जा सके। इस दिन को याद करते हुए और जागरूकता फैलाने के लिए पीवीयूएन के मेडिकल विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिज्ञा को पीवीयूएन के कर्मचारियों और मजदूरों की मौजूदगी में प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में अभिप्रेत किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस 2023 का थीम ह्वरक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन बांटें, अवसर बांटें है। यह थीम नियमित रूप से रक्त या रक्त प्लाज्मा देने के महत्व पर बल देती है ताकि सुरक्षित और सतत रक्त और रक्त संबंधी उत्पादों का आपूर्ति पूरे विश्व में हमेशा उपलब्ध हो सके जिससे सभी आवश्यकता वाले रोगियों को समय पर जीवन बचाने वाला उपचार मिल सके।

प्रेस कांफ्रेंस कर दी गयी जानकारी

## देशी रिवाल्वर के साथ युवक गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा** : गुप्त सूचना के आधार पर भुरकुंडा पुलिस ने बुधवार की शाम दो मुहानी पुल के निकट वाहन चेकिंग अभियान चलाकर एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर भुरकुंडा ओपी में गुरुवार को प्रेसवार्ता में पतरातू एसडीपीओ विरेन्द्र चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि टिपला सेंटर, सयाल निवासी राजू उर्फ राकेश (20 वर्ष) पिता स्व. मनमोहन सिंह हथियार लेकर सयाल से मतकमा चौक जा रहा है। जिसपर एएसआई मयंक प्रसाद ने दो मुहानी पुल के निकट चेकिंग अभियान चलाकर युवक को पकड़ लिया। युवक के पास से एक देशी रिवाल्वर, एक 7.65 एमएम जिंदा गोली, एक खोखा, एक होंडा एक्सट्रीम बाइक बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरातू थाना मे पूर्व के कोई आपराधिक रिकार्ड दर्ज नही है। वही बताया गया कि उक्त युवक द्वारा कई जगह पर हथियार दिखाकर रंगदारी की मांग की सूचना भी प्राप्त हुयी है। युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मौके पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार, एस आई शर्मा जी सहित प्रशासन के जवान मौजूद थे।

### आजसू नेता ने लगाया तालाब जीर्णोद्धार में ठेकेदार पर अनियमितता का आरोप



**बेरमो/फुसरो** : आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरज महतो ने बोकारो उपायुक्त को पत्र लिखकर पिछरी के सरकारी तालाब पेंड्रा बांध की मिट्टी कटिंग कार्य में ठिकेदार पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। लिखे पत्र में कहा कि पेटरवार प्रखंड के अर्न्तगत पिछरी दक्षिणी पंचायत में लघु सिंचाई प्रमण्डल बोकारो द्वारा लगभग 20 लाख की लागत से सरकारी तालाब पेंड्रा बांध की जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। जिसमे संबंधित ठिकेदार द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। उन्होने लिखा कि जीर्णोद्धार कार्य में ठिकेदार के द्वारा बांध के मोटा मेड़ को काट दिया गया। किनारै किनारे का दिया है। अभी तक तालाब का मिट्टी चतंत्र एफलेयर भी पूरा नहीं हुआ है। कटा हुआ मिट्टी बीच तालाब में पड़ा हुआ) तालाब का जो पानी गली से बाहर निकलता है। उसे भी बन्द कर दिया है। ठिकेदार का दोनों मशीन ब्रेक डाउन बराबर रहता है। जिसका कारण तालाब का काम सही तरीका से नहीं हो पा रहा है।

### दुग्दा पुलिस ने जप्त किया अवैध कोयले से लदा ट्रक



**चंद्रपुरा** : बीते रात्रि गश्ती के दौरान, दुग्दा पुलिस ने सिद्धू कानू चौक स्थित नाला पट्टी में 7 टन अवैध कोयले से लदा टाटा मिनी ट्रक संख्या बीआर 24 जीए 3794 को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार, रात्रि लगभग 1 बजे गस्ती के दौरान दुग्दा पुलिस नाला पट्टी की ओर गुजर रही थी। जहां देखा गया कि अवैध कोयले के धंधे बाजों द्वारा एक ट्रक में कोयला लोड किया जा रहा था। पुलिस को देख सभी अवैध कोयले धंधेबाज अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहा। परंतु उक्त ट्रक को दुग्दा पुलिस ने जप्त कर लिया है। जिसे आज कांड संख्या 55/23 के तहत मामला दर्ज कर। अवैध कोयले के धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए। विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर रही है।

### गोमिया चौक पर हुए अतिक्रमण की हुई मापी



**बेरमो** : गोमिया अंचलाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो के निर्देश पर बुधवार 14 जून को अंचल कार्यालय के कर्मचारियों ने गोमिया मोड़ से पुराना सिनेमा हॉल तक सड़क के दोनों ओर दुकानदारों व मकान मालिकों द्वारा किये गये अतिक्रमण की मापी की गई। इस दौरान गोमिया-कथारा रोड में बने दुकानों और आवासों की नापी कर चिह्नित किया गया। अंचल के प्रभारी सीआई लालमोहन दास ने बताया कि अंचलाधिकारी के निर्देश पर गोमिया-कथारा रोड में अतिक्रमण को लेकर नापी की जा रही है। कहा कि गोमिया-तेनुघाट-कथारा रोड पर अवैध रूप से किये जा रहे अतिक्रमण के कारण आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर अंचल कार्यालय द्वारा मापी की जा रही है। मौके पर अंचल अमीन शिवाजी सिल्वेस्टर मुर्मू, सहायक अमीन धीरेंद्र कुमार, अंचल गार्ड नरेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## सेवई उत्तरी स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



- पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाना हमारा उद्देश्य : कुलदीप सिंह

राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा** : रजरप्पा के सेवई उत्तरी स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवई उत्तरी पंचायत के मुखिया कुलदीप सिंह ने स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मेले में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा लोगों का निःशुल्क रूप से बीपी एवं शुगर सहित अन्य जांच किया गया। इसके साथ ही लोगों को डायरिया एवं टीवी सहित अन्य बीमारियों से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और लोगों के बीच निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। मुखिया कुलदीप सिंह ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के लोगों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी के तहत लोगों की सुविधा को देखते हुए यहां स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया, ताकि पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पंचायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ आगे भी इस तरह के कई कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि सेवई उत्तरी पंचायत क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर जलसहिया रोमा पोद्दार, सीएचओ सलोमी कुजूर, एएनएम पूनम कुमारी, सहिया साथी मिथिला देवी, कविता देवी, अमित कुमार तांती, सुनील ठाकुर, विक्की नायक, बबलू तांती, प्रकाश यादव, भिखनी देवी, सोनम कुमारी, सपन घोषाल, साथी घोषाल, गोपाल शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने महिला के इलाज के लिए पति को सौंपा चेक



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने बुधवार 14 जून को लिवर की बीमारी से पीड़ित एक महिला के इलाज के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से महिला के पति को 50 हजार रुपए का चेक सौंपा। जानकारी के अनुसार बेरमो प्रखंड के गोविंदपुर सी पंचायत निवासी राजेन्द्र प्रसाद की पत्नी सुमन देवी पिछलें कई महीनों से लिवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इलाज प्रभावित हो रहा था। किसी ने इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया विकास उर्फ बबलू सिंह को दी। मुखिया ने पहल करते हुए बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से मदद का अनुरोध किया। विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से पचास हजार रुपए की राशि मंजूर करा दी। बुधवार को विधायक ने राजेन्द्र प्रसाद को पचास हजार का चेक दिया। राजेन्द्र प्रसाद की पत्नी सुमन देवी का पूर्व में रांची के अस्पताल से इलाज चल रहा था जो बंद हो गया था। अब पुनः इलाज शुरू हो सकेगा। इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता रिंकु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ढ़ोरी जीएम ने अमलो परियोजना में लाइट वैकिल रोड का उदघाटन किया



**बेरमो** : सीसीएल ढ़ोरी एरिया के एएडीओसीएम(अमलो) परियोजना में लाइट वैकिल रोड का उदघाटन ढ़ोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया गया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने रोड बनाने वाले माइनिंग सुपरवाइजर और डोजर आपरेटर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, खान प्रबंधक शैलेश प्रसाद, सेफ़्टी ऑफिसर राम अवघ राम, सेल ऑफिसर ओम प्रकाश, खान इंचार्ज संतोष कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के, प्रोजेक्ट इंजीनियर ईएंडएम रंजन कुमार, आरसीएमयू सचिव गणेश मल्लाह, अध्यक्ष आरसीएमयू सह इनमोसा सचिव जय राम सिंह, महफूज आलम, आनन्द विश्वकर्मा आदि अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे ।

### बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुई तो करेंगे जोरदार आंदोलन: टुनटुन



**बेरमो** : भाजपा फुसरो मंडल नगर महामंत्री टुनटुन तिवारी ने कहा कि फुसरो मे 15 दिनों के अंदर बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन करेंगे। टुनटुन तिवारी ने कहा कि फुसरो, अंगवाली,पिछरी, भंडारीदह मे बिजली से लोग परेशान है। फुसरो बाजार में स्थिति ऐसी है कि अब पानी भी खरीद कर पीना पड़ रहा है। बेरमो-फुसरो में घंटों बिजली कटी रहती है। कई बार तो स्थिति ऐसी बन जाती है कि इंवर्टर भी जवाब दे जाता है। सरकार को इसपर गंभीरता से सोचना चाहिए। अगर सरकार सक्षम नहीं है तो नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि हेमंत सोरेन के राज्य में मूलभूत सुविधा बिजली-पानी भी लोगों को सही से मुहैया नहीं हो रही है। सरकार हर क्षेत्र में विफल है। लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। कहा कि बिजली संकट की स्थिति पूरे राज्य में चरमरायी हुई है। बिजली संकट यहां तक आ पहुंची है कि अब उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं। अगर ऐसी स्थिति बनी रही तो लोगों को अपने उद्योग बंद करने पड़ेंगे। बाजार में कीमतें उछाल मारेंगी। अगर उद्योग-धंधे बंद हुए तो राज्य में रोजगार पर संकट आ जाएगा। इतना कुछ होने के बाद भी सरकार की ओर से ध्यान नहीं दिया जाना शर्म की बात है।

**आयोजन** मंडा पुजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर व आस्था का महापर्व है: विधायक अंबा

## पतरातू प्रखंड के ग्राम उच्चरिंगा में हुआ मंडा पूजा का आयोजन

- विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर किया कार्यक्रम का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर



**पतरातू** : प्रखंड के ग्राम उचरिंगा में शिव आस्था का महापर्व मंडा पूजा का आयोजन बीते मंगलवार की देर रात्रि को किया गया। आयोजित शिव मंडा पूजा में विधायक अंबा प्रसाद ने शिरकत किया एवं भगवान शिव से क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली हेतु प्रार्थना की। इस दौरान विधायक ने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर उद्घाटन किया एवं मंच से शिव भक्तों को मंडा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मंडा पूजा के अवसर पर ग्राम उच्च रिंगा पहुंचने पर विधायक अंबा प्रसाद का सांस्कृतिक रीति रिवाज के अनुसार नृत्य व गीत गाकर तथा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक ने शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और शिव आस्था का महापर्व है, हम सभी को इसे सहेज कर रखना है और इसे बढ़ाना है। हम सबको मिलकर झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ाने के साथ साथ पूरी दुनिया से इसका परिचय कराना है। उन्होंने कहा कि झारखंड का यह पारंपरिक लोक पर्व हर साल धूमधाम से मनाया जाता है और यह पर्व अच्छी बारिश, खेती और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। वहीं उन्होंने पूजा समिति के आयोजन कताओं को बधाई देते हुए कहा कि महापर्व मंडा पूजा के द्वारा सभी ग्राम वासियों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है।

संपादकीय

# फिर जनता के फैसले का मतलब क्या है

दिल्ली के लिए जारी केंद्र सरकार के नये अध्यादेश की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो व्याख्या की है, वह साफ तौर पर एक चुनी हुई सरकार को पंगु बना देने वाला है। अजीब स्थिति यह है कि नौकरशाहों को इसमें चुनी हुई सरकार के फैसले को सही और गलत ठहराने का अधिकार दे दिया गया है। इससे एक बात को और साफ होती है कि श्री केजरीवाल ने पहले जो संदेह व्यक्त किया था, वह सही प्रतीत होता है। केजरीवाल ने कहा था कि जब सत्ता के शीर्ष पर कोई अनपढ़ बैठता है तो उनके करीबी उसे कभी भी बरगला लेते हैं और किसी भी कागज पर हस्ताक्षर ले लेते हैं। पढ़ा लिखा व्यक्ति दस्तावेज पर लिखी बातों को देखता और समझता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि केंद्र ने नए अध्यादेश के जरिए ना सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के ट्रांसफर-पोस्टिंग वाले फैसले को पलट दिया है बल्कि सरकार को लगभग खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि अध्यादेश को जितना पढ़ रहे हैं उतनी नई बातें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सेक्रेट्री को मंत्री का बॉस बना दिया गया है



और चीफ सेक्रेट्री को कैबिनेट के फैसले को कानूनी या गैर-कानूनी बताने का अधिकार दे दिया गया है। दिल्ली में सीपीआई महासचिव डी.राजा से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने राज्यसभा में बिल के खिलाफ समर्थन के वादे के लिए उनका आभार जताया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में एक प्रयोग हुआ है और यदि इसे नहीं रोका गया तो सभी गैर भाजपाई सरकारों के लिए ऐसा अध्यादेश आएगा। उन्होंने कहा कि इसलिए 140 करोड़ लोगों को एक साथ इसका विरोध करना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि इसके कुछ प्रावधान जनता के सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेश को खारिज नहीं किया, इसमें 3 ऐसे प्रावधान डाले हैं जिससे दिल्ली सरकार लगभग खत्म हो जाती है। इसमें इन्होंने लिखा है कि यदि कोई मंत्री अपने सेक्रेट्री को आदेश देगा तो वह डिसाइड करेगा कि मंत्री का आदेश लीगली ठीक है या गलत। यदि सेक्रेट्री को लगता है कि मंत्री का आदेश लीगली ठीक नहीं है तो वह मंत्री का आदेश मानने से इनकार कर सकता है। अरविंद केजरीवाल ने दो उदाहरण देते हुए कहा, विजिलेंस सेक्रेट्री को सौरभ भारद्वाज ने वर्क ऑर्डर दिया। विजिलेंस सेक्रेट्री ने खुद को दिल्ली सरकार में इंडिपेंडेंट अथॉरिटी घोषित कर दिया है। वह कह रहा है कि मैं इस अध्यादेश के बाद मैं ना तो चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह हीं और एलजी के प्रति जवाबदेह में अथॉरिटी के जरिए जवाबदेह हूं। एक और केस के अंदर एक जगह झुग्गियां टूटीं। जो हमारा दिल्ली सरकार का वकील था उसने बहुत कमजोर दलीलें दीं। लगा कि वकील दूसरी पार्टी से मिला हुआ है। मंत्री ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई में हमें कोई अच्छा सिनियर वकील हायर करना चाहिए। सेक्रेट्री फाइल पर लिखती है कि वकील हायर करने का अधिकार सेक्रेट्री का है। मंत्री मुझे आदेश नहीं दे सकता है, आपका आदेश गैरकानूनी है। ऐसे कैसे चलेगा। अब तो हर सेक्रेट्री यह तय कर रहा है कि कौन सा आदेश कानूनी है, हर सेक्रेट्री सुप्रीम कोर्ट का जज बन गया है।ह्व दिल्ली के मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रावधान का जिक्र करते हुए कहा कि चीफ सेक्रेट्री को पावर दे दी गई है कि वह डिसाइड करेगा कि कैबिनेट का कौन सा फैसला कानूनी है और कौन सा गैरकानूनी। कैबिनेट सुप्रीम होती है, जैसे देश की कैबिनेट सुप्रीम है, राज्य की भी सुप्रीम होती है। अब मुख्य सचिव फैसला करेगा कि कैबिनेट का फैसला कानूनी है या गैरकानूनी है। यदि उसे लगता है कि गैरकानूनी है तो वह एलजी को रेफर करेगा और एलजी को पावर दी गई है कि वह कैबिनेट के फैसले को पलट सकता है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ। मंत्री के ऊपर सेक्रेट्री को बिठा दिया और कैबिनेट के ऊपर चीफ सेक्रेट्री को बिठा दिया। केजरीवाल ने कहा कि अब कमीशन और बोर्ड का गठन भी केंद्र सरकार करेगी। फिर जनता द्वारा चुनी हुई दिल्ली सरकार क्या करेगी। दिल्ली जल बोर्ड का गठन अब केंद्र सरकार करेगी तो वह चलाएंगे वाटर सेक्टर, दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन का गठन केंद्र सरकार करेगी तो वही चलाएंगे ट्रांसपोर्ट सेक्टर। उनके मुताबिक इस अध्यादेश को जितना पढ़ रहे हैं, उतना लग रहा है कि यह बहुत गलत नीयत से बनाया गया है। भाजपा को दिल्ली की जनता ने बार बार बुरी तरह हराया है, एक बार तीन सीट दी, एक बार 8 सीट दी, फिर एमसीडी में हराया। वे दिल्ली को जीत नहीं सकते हैं इसलिए बैकडोर से चलाना चाहते हैं। नये अध्यादेश के पक्ष में भले ही दलीलों का पहाड़ खड़ा कर दिया जाए पर यह प्रश्न तब भी खड़ा रहेगा कि दिल्ली की जनता ने जिसे चुनकर शासन करने भेजा है, उसे अधिकार देने से किसे भय लग रहा है।

# शिक्षा देने के साथ बच्चों को जीने की कला भी सीखाएं

आज हमारा ध्यान बच्चों की शिक्षा पर है। उन्हें योग्य बनाने पर है।योग्य भी इतना की 100 में 95 अंक पाना भी स्वीकार नहीं। पेपर के निर्धारित पूरे अंक चाहिए। इन सबके बीच हम बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान नही दे पा रहे। बच्चों की शिक्षा पर माता- पिता का ध्यान ज्यादा है। बच्चों के शारीरिक विकास पर नहीं। बच्चों के मानसिक विकास पर नहीं,जबकि जरूरी है कि बच्चों को जीवन जीना सिखाया जाए।विपरीत समय में कैसे बचे, सुरक्षित रहे, या कोई नही बता रहा।जबकि बहुत जरूरत है सभी बच्चों को जीवन जीना सीखने की कला सिखाई जाए।उन्हें प्रत्येक विपरीत परिस्थिति के लिए तैयार किया जाए। उन्हें बताया जाए कि किसी आपदा या संकट में फंस जाएं तो उससे कैसे बचे।

कोलंबिया के अमेजन के जंगल में मई में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में



अशोक मधुप
पत्रकार

लापता हुए चार बच्चे घटना के 40दिन बात जीवित मिले। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह घोषणा की। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने शुक्रवार देर रात ट्विटर पर कहा, पूरे देश के लिए खुशी की बात है! कोलंबिया के जंगल में 40 दिन पहले लापता हुए चारों बच्चे जिंदा मिल गए हैं।

उन्होंने सैन्य और स्वदेशी समुदाय के कई सदस्यों की एक तस्वीर भी साझा की, जो भाई-बहनों लेस्ली जैकबॉम्बेयर मुकुतुय (13), सोलेनी जैकबॉम्बेयर मुकुतुय (9), टीएन रानोक मुकुतुय (4) और क्रिस्टिन रानोक मुकुतुय (1) की थी।एक बयान में राष्ट्रपति ने इसे मैजिकल डे करार दिया, और कहा- ये अकेले थे, उन्होंने जीवन संघर्ष का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो इतिहास में बना रहेगा।गौरतलब है कि एक मई को, सेसना 206 लाइट एयरक्राफ्ट अमेजॅनस प्रांत में अरराकुआरा और ग्वावियारे के एक शहर सैन जोस डेल ग्वावियारे के बीच उड़ान भरने के दौरान गायब हो गया।दुर्घटना के बाद से खोजी कुत्तों के साथ 100 से अधिक सैनिकों को खोज और बचाव कार्यों में लगाया गया है। पिछले महीने विमान का मलबा और पायलट तथा दो वयस्कों के शव मिले थे। उड़ान के शुरूआती घंटों में ही पायलट ने इंजन के फेल होने की सूचना दी और आपातकालीन अलर्ट जारी किया। इसके बाद विमान घने जंगल में जाकर क्रैश हो गया। दुर्घटना के परिणामस्वरूप पायलट और बच्चों की मां मागदालेना मुकुटुय सहित तीन वयस्कों की मौत हो गई और उनके शव विमान के अंदर पाए गए। जबकि 13, नौ, चार साल और बारह महीने के चारों बच्चे 40 दिन बाद जीवित पाए गए।

कोलंबिया के राष्ट्रपति ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे उन्हें देख कर बेहद खुशी हुई क्योंकि बच्चों ने जंगल के बीच में अकेले अपना बचाव किया था। रेस्क्यू टीम को बच्चों के पास से कुछ फल मिले हैं। बता दें कि चारों बच्चे आपस में भाइ -बहन है। इन बच्चों ने खुद के लिए झाड़ियों का छोटा एक घर भी बना लिया था। इस घर में ये चारों एक साथ पाये गए। खुद को जीवित रखने के लिए इन बच्चों ने 40 दिन तक घने जंगल में पेड़ों से फल तोड़कर खाए।सर्च डाग ने इनके गिरे फल से ही इनका पता लगाया।हालाकि चालिस दिन में ये बच्चे बहुत कमजोर हो गए थे। इन बच्चों के दादा फिडेंशियो वैलेंशिया ने बताया कि दुनिया में कभी कोई बच्चा इतने मुश्किल हालात में जिंदा रहना जानता है तो वह वह मुकुतुय परिवार का हो सकता है। इन चारों में दो बड़े बच्चे लेस्ली और सोलेनी जंगल में जिंदा रहने वाली कला से बखूबी वाकिफ थे। उन्होंने बताया हुई तोतो कबीले के सदस्य बहुत कम उम्र में ही शिकार करना,मछली पकड़ना और खाने -पीने का सामान जमा करना सीखने लगते हैं। कोलंबिया के मीडिया से बात करते हुए इन बच्चों की चाची दमारिस मुकुतुय ने बताया उनके परिवार के बच्चे जब बड़े हो रहे होते हैं , तो वे खानदान के दूसरे लोगों के साथ जिंदा रहने का खेल खेलते हैं। उन्होंने अपना बचपन याद करते हुए कहा कि जब हम सब बचपन में खेल खेलते थे तो हम छोटे-छोटे तंबू बनाया करते थे ।उन्होंने बताया कि 13 साल की लेस्ली को पता था कि कौन से फल नहीं खाने हैं क्योंकि जंगल में बहुत से फल जहरीले मिलते हैं। लेस्ली को छोटे बच्चे का ख्याल रखना भी अच्छी तरह आता था. दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से लेस्ली ने फैरून नाम का एक तरह का आटा भी खोज निकाला. जब तक यह आटा रहा तब तक यह बच्चे इसी पर गुजर करते रहे. बच्चों की तलाशी अभियान में हिस्सा लेने वाले हुई तूतो समुदाय के बुजुर्ग एडमिन पाखी ने बताया कि आटा खत्म होने के बाद चारों बच्चे जंगली फल के बीज खाने लगे. इन्हीं बचे मिले फल से बच्चों की खोज हुई।बच्चों के दादा कहते हैं कि मुकुतुय परिवार के बच्चों को बचपन से ही विपरीत परिस्थिति में जंगल में आदमी के जीने की कला सिखाई जाती है। कोलंबिया में मुकुतुय परिवार को यह कला सिखाई जाती है किंतु हिंदुस्तान में तो प्रायः सरकारी स्कूल के कक्षा तीन से लेकर कक्षा आठ तक सारे बच्चे ये कला सीखते हैं। ये शिक्षा है स्काउट की। इसमें स्काउट (लड़के)/ गाइड (लडकियों) को बताया जाता है कि जंगल में फंसने पर पेड़ -पौधों की छाल से कैसे रोटी बनानी है। तवा ना होने पर भी पत्थर पर कैसे रोटी को सेकनी है। बिना माचिस कैसे आग जलानी है । वन में रास्ते पर चलते निशान लगाते चलना है कि पीछे आने वाले को सुविधा रहे।बिछड़े साथियों की टीम के लिए किस तरह का इशारा करना है। जंगल में जरूरत पर रस्सी से कैसे पुल तैयार करना है। मुसीबत में फंसे साथी की कैसे मदद करनी है।एक वाक्य में इन्हें जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनना सिखाया जाता है। स्काउट/गाइड आंदोलन का उद्देश्य युवाओं के शारिरिक, बौद्धिक, समाजिक, भावात्मक औ? आध्यात्मिक विकास में मदद कर उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। किंतु जब से प्राइवेट क्षेत्र में शिक्षा का चलन बढ़ा तब से यह सब खत्म हो गया। सीबीएसई/आइसीएसई शिक्षा में नंबर ज्यादा आने से बच्चों के अभिभावकों का बच्चों से ज्यादा उनकी पढ़ाई पर ध्यान रहने लगा। उनका दबाव रहता है कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा नंबर लाएं ।इसीलिए स्कूल के बाद ट्यूशन पढ़ने का चलन जोर पकड़ गया। आज की प्राइवेट शिक्षा में छोटी क्लास से लेकर इंटर तक का बच्चा पढ़ाई की मशीन बनकर रह गया ।स्कूल में आठ घंटे लगाने के बाद बच्चों को सभी सब्जेक्ट की ट्यूशन पढ़ने हैं। चार सब्जेक्ट की ट्यूशन के लिए चार घंटे चाहिए ।एक ट्यूशन से दूसरे ट्यूशन तक जाने के लिए बच्चों को लगभग तीन से चार घंटे लगते हैं।

# सच्ची लगन सफलता की शर्त है

प्रेरक-प्रसंग

मैक्समूलर की माँ की हार्दिक इच्छा थी कि उसका बेटा देश का कोई बड़ा अधिकारी बने। एक विधवा होते हुए भी उसने मैक्समूलर की पढ़ाई में कोई कमी नहीं की, लेकिन मैक्समूलर को तो दूसरी ही धुन थी। वह कहता, 'नहीं, मां मुझे संस्कृत पढ़ना है, पढ़ने दो।' वे संस्कृत के अध्ययन में जुट गए। लिपजिग कॉलेज में अध्ययन के दौरान इन्हें यह आश्चर्य हुआ कि अंग्रेजी के अनेक शब्द संस्कृत से निकले हैं यथा - डॉक्टर-दुहित्र से, फादर-पितर से, मदर-मातृ से, वाइफ-वधु से तथा ब्रदर-भ्रातर से। उन्हें गुरू की खोज में पेरिस जाना पड़ा। पेरिस में बर्नूफ को पाकर



उन्हें अत्यनत प्रसन्नता हुई। जब इन्होंने वेद अध्ययन की इच्छा व्यक्त की, तो गुरू ने कहा - 'तुम में प्रतिभा है, लगन है, एकनिष्ठता है। तुम हिन्दू धर्म या वेद दोनों में से किसी एक को अपना जीवन अर्पित कर दो।'

मैक्समूलर ने वेद पढ़ने की जब इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने दो हिदायतें दीं-

वेद का भाष्य करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे। मूल और भाष्य का एक शब्द एक अक्षर भी नहीं छोड़ोगे नहीं। उन्होंने इन वचनों का दृढ़ता से पालन किया और अपने 27 वर्षों के कठोर श्रम से ऋग्वेद का उद्धार किया, जो ईस्ट इण्डिया कंपनी के संग्रहालय में कैद थे। हिन्दू धर्म के इस पवित्र ग्रन्थ के जीर्णोद्धार का श्रेय इन्हीं विद्वानों को जाता है, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग पचास वर्ष भारतीय वांगमय में विचरते हुए बिताया।

नजरिया

# बुजुर्गों पर बढ़ता दुर्व्यवहार संस्कारहीन समाज की पहचान

आज के आधुनिक युग में समाज तेजी से बदल रहा है, लोग बड़े परिवार से छोटे-छोटे परिवार में विभक्त हो रहे है। युवा पीढ़ी को अपने मॉडर्न सोच पर गर्व महसूस होता है, वे अलग रहना पसंद करने लगे है, लोगों को अपना व्यक्तिगत स्वतंत्र स्थान चाहिए। बाहर पढ़ने जाना है, नौकरी करने जाना है, करियर को बुलंदी पर ले जाना है। आजकल व्यक्ति बड़ा होने के बाद अपने भूतकाल, वर्तमान को भूलकर अपने भविष्य के लिए जीना पसंद कर रहा है अर्थात अपने बुजुर्ग माता-



डॉ. प्रितम भि. गेडाम
स्तंभकार

पिता द्वारा किये गए त्याग, समर्पण, संघर्ष और कार्य को भूलकर सिर्फ अपने खुद के भविष्य और अपने बच्चों के लिए विचार करने लगा है, परन्तु जिस वजह से वह इतना काबिल जिम्मेदार बना है उसे वह भूल रहा है, तो फिर ऐसे परिस्थिति में घर के उन बुजुर्गों की जिम्मेदारी किसके भरोसे छोड़ रहे है। बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बढ़ते मामलों को उजागर करने और इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जागरूकता स्वरुप ह्वविश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवसह्व प्रत्येक वर्ष 15 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष 2023 की थीम ₹सर्किल बंद करना : वृद्धावस्था नीति में लिंग आधारित हिंसा, कानून और साक्ष्य आधारित प्रतिक्रियाओं को संबोधित करना₹ यह है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 में से लगभग 1 व्यक्ति ने दुर्व्यवहार का अनुभव किया है। दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं जैसे संस्थानों में वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर अधिक है।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 में से लगभग 1 व्यक्ति ने दुर्व्यवहार का अनुभव किया है। दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं जैसे संस्थानों में वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर अधिक है। कोरोना महामारी के दौरान वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार की दर में वृद्धि हुई है। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार से गंभीर शारीरिक चोटें और दीर्घकालिक मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं। वृद्ध लोगों के साथ दुर्व्यवहार बढ़ने की भविष्यवाणी की गई है क्योंकि कई देशों में तेजी से उम्र बढ़ने वाली आबादी का सामना करना पड़ रहा है। 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की वैश्विक जनसंख्या 2015 में 90 करोड़ से बढ़कर 2050 में लगभग 200 करोड़ हो जाएगी। हेल्प एज इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के तकरीबन 82% बुजुर्ग अपने परिवारों के साथ रहते है, लेकिन वे अक्सर मौखिक दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शारीरिक हिंसा का शिकार होते है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि 35% बुजुर्गों ने अपने बेटों द्वारा दुर्व्यवहार का सामना किया और 21% ने अपनी बहुओं द्वारा दुर्व्यवहार की सूचना दी है। एजवेल फाउंडेशन ने इस विषय पर अपने अध्ययन में पाया कि 73% वृद्ध लोगों ने लॉकडाउन के दौरान अपने घरों में विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहारों को सहन करने की सूचना दी।

आज समाज में हर तरफ बुजुर्गों के प्रति बढ़ते दुर्व्यवहार की खबरें देखने-सुनने मिलती है, जो समय के साथ तेजी से बढ़ कर अमानवीय स्तर पर जा पहुंची है। सोशल मीडिया पर भी इस विषय से संबंधित वीडियो खूब वायरल होते रहते है। बुजुर्गों से दुर्व्यवहार अर्थात उन्हें जीते जी नर्क यातना देने जैसा है और बहुत शर्म की बात है कि यह यातनाएं उन्हें उनके अपने लोग दे रहे है। आज समाज में वह भी संपन्न वर्ग है जो बड़े शहरों या विदेश में जाकर बैठा है और उनके माँ-बाप यहाँ उनके आने की राह देखते हुए जिंदगी से विदा लेते हुए प्राण त्याग देते है फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में भी नहीं आना चाहते है। धन दौलत प्राप्त करने के लिए, काम करवाने या उनकी सेवा न करनी पड़े इसके लिए बुजुर्गों पर अत्याचार किया जाता है। जो बच्चे अपने बुजुर्गों से दुर्व्यवहार कर सड़कों पर भिखारी की तरह या वृद्धाश्रम में लावारिस की तरह छोड़ देते है, अगर यही काम बुजुर्गों ने भी अपनी जवानी में अपने इन बच्चों को अनाथाश्रम या सड़क पर छोड़ा होता तो शायद वो आज ऐसे बुरे दिन नहीं देखते।

जानकारी

# राउरकेला



राउरकेला शहर ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित है। राउरकेला शहर पूरे भारत में इस्पात सहर के नाम से प्रसिद्ध है। इस शहर में सेल का अपना स्टील प्लांट है, इसलिए इस शहर को इस्पात सहर कहा जाता है। इस शहर की एक खास बात यह है कि इसे मिनी इंडिया कहा जाता है, क्योंकि पूरे ओडिशा में देखा जाए तो राउरकेला एक ऐसा शहर है जहां पूरे भारत के लोग यहां रहते हैं। राउरकेला शहर ओडिशा में भुवनेश्वर के बाद दूसरा स्मार्ट सिटी शहर है। राउरकेला शहर औद्योगिक क्षेत्र होने के बावजूद यहां का वातावरण बहुत अच्छा है और यह घूमने के लिए बहुत ही खूबसूरत जगह है।

राउरकेला का इतिहास बताता है कि यह घने जंगलों से आच्छादित था जो शाही राजाओं के लिए शिकार कामैदान था। 1955 में पश्चिम जर्मन सहयोग से इस्पात संयंत्र की स्थापना के बाद, राउरकेला जर्मनी के बाद दूसरा सबसे बड़ा जर्मन निवास स्थान था।अपनी राउरकेला यात्रा के दौरान स्थानीय उड़िया व्यंजनों जैसे चुंगड़ी मलाई, दही मटका और भिंडी भुन का स्वाद लें। इनमें आपको साउथ-इंडियन और बंगाली फ्लेवर का कॉम्बिनेशन मिलेगा। फिश फ्राई केरला स्टाइल ट्राई करें और आपको यह पसंद आएगा।

# Realme 11 Pro+ 5G की सेल आज से शुरू



नई दिल्ली : Realme का पहला 200 मेगापिक्सल कैमरा वाला स्मार्टफोन Realme 11 Pro+ 5G आज से बिक्री के लिए उपलब्ध हो रहा है। इच्छुक ग्राहक इस फोन को रियलमी इंडिया की वेबसाइट, ई-कॉमर्स साइट फ्लिपकार्ट और अन्य ऑफलाइन स्टोर से खरीद पाएंगे। इस फोन की प्री-बुकिंग 8 जून को शुरू की गई थी और 15 जून को 12 बजे बिक्री शुरू हो रही है। आइए रियलमी 11 प्रो प्लस 5जी पर मिलने वाले ऑफर के साथ स्पेसिफिकेशंस के बारे में जानते हैं।

**Realme 11 Pro+ 5G की कीमत और ऑफर**

Realme 11 Pro+ 5G IZY 8GB RAM + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 27,999 है। वहीं 12 GB RAM + 256 GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 29,999 रुपये है। कलर ऑप्शन के लिए यह Astral Black, Sunrise Beige और Oasis Green में उपलब्ध है।

शुरूआती सेल के दौरान ग्राहक ICICI, HDFC और SBI बैंक कार्ड का इस्तेमाल करके 8GB + 256GB वेरिएंट पर 2,000 रुपये का डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा पुराने फोन को एक्सचेंज करने पर 2,000 रुपये का अतिरिक्त डिस्काउंट भी मिल सकता है। वहीं ग्राहकों को 6 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑप्शन भी मिल सकता है। 12GB + 256GB वेरिएंट के लिए की खरीद पर ग्राहक 12 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑप्शन ले सकते हैं। हालांकि इस वर्जन पर कोई बैंक डिस्काउंट नहीं मिल रहा है। फिर भी यूजर्स अपने पुराने फोन को एक्सचेंज करते हुए 500 रुपये का डिस्काउंट पा सकते हैं।

साइबर दुनिया

**Realme 11 Pro+ के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

Realme 11 Pro+ में 6.70 इंच की फुल एचडी प्लस AMOLED डिस्प्ले दी गई है, जिसका रिफ्रेश रेट 120Hz है। फोन में ऑक्टा कोर मीडियाटेक के डाइमेंसिटी 7050 प्रोसेसर दिया गया है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड Realme वक 4.0 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है।

टॉप ट्वीट



" जैसा कि आप (गडकरी) पहले से ही जानते हैं, मुगल रोड एकमात्र महत्वपूर्ण लिंक है जो घाटी को जम्मू में पीर पांचाल क्षेत्र से जोड़ता है लेकिन कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से इस तथ्य के कारण कटा हुआ है कि इसे जोड़ने वाला एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग खराब मौसम और भूस्खलन के कारण ज्यादातर बंद रहता है।"

महबूबा मुफ्ती
(पीडीपी) की अध्यक्ष



"मां सीता को हजारों लोग पूजते हैं। ऐसे में इस रोल को निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी।मेरे मन में हर वक्त ये चलता रहता था कि मैं इस रोल के साथ न्याय करने के लिए वो सब कुछ कर लूं जो जरूरी हो।"

कृति सैनन
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## बिपरजॉय की दहशत से मंडराए आफत के बादल

अरब सागर में उठे तूफान बिपरजॉय का भय नदियों के तट पर रहने वालों को तो है ही,लेकिन जिन्होंने इस आपदा को पहले सुना है और आंखों देखा है उसे ज्यादा घबराहट हो रही है ।बिपरजॉय मुम्बई और गुजरात के नवसारी में भारी बारिश के चलते लोग भयभीत है ।लेकिन केंद्रीय नेतृत्व में जिस तरह से व्यवस्था की गई है उससे नही लगता है कि लोगो की जानमाल का नुकसान हो सके ।समृद्धि शाली राज्य गुजरात और आर्थिक राजधानी मुंबई के सटे क्षेत्रो में भय व्याप्त है ।पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों और राजस्थान के करीब दस जिलों को प्रभावित करने वाली बारिश तेज हवाएं और चक्रवात से उपजी दहशत को कम आंका नही जाना चाहिए ।कुदरत की इस भयानक त्रासदी के पूर्व सरकार अलर्ट है ।सेना के जवानों को जवाबदेही सौंपी गई है ।नदी और पोरबंदर के दरिया के समीप मानवता के कोई दर्शन नही है ।जिस तरह से पुलिस प्रशासन और प्रशासन ने पूर्व में सेफटी की शुरूआत की गई है ।वह काबिलेतारीफ है ।तेज हवाओं के कारण मौतें हुई है ।लेकिन गुजरात मे दस हजार लोगों को शेल्टर होम में शिफ्ट कर दिया है ।एनडीआरएफ की 18 टीमें कार्यरत है ।तूफान दूर बताया जा रहा है ।इस पर प्रशासन की पैनी नजर है ।चक्रवात की उस मंजर को भी लोगो ने देखा है जिसका 1998 में प्रत्यक्षदर्शियों के होश उड़ गए थे ।सरकार की कोई तैयारी नही थी ।घर के घर चक्रवात में उड़ गए ।तत्कालीन सरकार के पास कोई विजन नही था तो उस समय के तूफान का मौसम विभाग के पास कोई जानकारी नही थी ।अनूमान के तौर पर हजारो लोगो की जान चली गई थी।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## न्यूज फटाफट

### इंडोनेशिया ओपन : यिंग से हारकर सिंधु बाहर



**जकार्ता :** खराब फॉर्म से जूझ रही शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु इंडोनेशिया ओपन 2023 के दूसरे चरण में गुरुवार को चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से हारकर साल के आखिरी सुपर 1000 इवेंट से बाहर हो गईं। यिंग ने सिंधु को 21-18, 21-16 से हराने के लिए सिर्फ 39 मिनट का समय लिया। यह आमने सामने के मुकाबलों में यिंग की सिंधु पर 19वीं जीत है, जबकि भारतीय शटलर ने सिर्फ पांच बार बाज़ी मारी है। इसी बीच, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने अपने अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा। श्रीकांत ने अपने हमवतन लक्ष्य सेन को रोमांचक प्री क्वार्टरफाइनल में 21-17, 22-20 से मात दी। प्रणय ने हॉन्ग कॉन्ग के एंजी का लॉन्ग को 21-18, 21-16 से मात दी। अगले चरण में श्रीकांत का सामना चीन के ली शी फेंग से होगा। प्रणय विश्व रैंकिंग में नंबर चार, जापान के कोडाई नाराओका से भिड़ेंगे। दिन के आगामी मुकाबलों में सत्विकसाईराज रंकिरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और पुरुष एकल खिलाड़ी प्रियांशु अपने अपने मुकाबले खेलने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे।

## विरोध

### महिला पहलवानों के समर्थन में आये पूर्व न्यायाधीश लोकुर,कहा

# दिल्ली पुलिस गलत आचरण कर रही है

▶▶ पीड़ितों का पुनः उत्पीड़न हुआ है

▶▶ पहलवान न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं : लोकुर

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी लोकुर ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामलों से निपटने और विरोध करने वाले पहलवानों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आलोचना की, जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहलवानों का संघर्ष, संस्थानों की जवाबदेही विषय पर एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए, न्यायमूर्ति लोकुर ने कहा कि पीड़ितों का पुनः उत्पीड़न हुआ है क्योंकि पहलवान न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह स्पष्ट रूप से फिर से प्रताड़ित किए जाने का मामला है। पहलवानों ने कहा है कि वे दबाव में हैं।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि पहलवानों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद श्री सिंह के खिलाफ उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया गया और प्रक्रिया में देरी के लिए दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति लोकुर ने यह भी कहा कि डब्ल्यूएफआई के पास यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने के लिए एक समिति नहीं है, जो कानून के खिलाफ है। जब जनवरी में विरोध शुरू हुआ, तो ऐसा नहीं था कि उन्होंने सीधे जंतर मंतर जाने का फैसला किया। यौन उत्पीड़न बहुत पहले शुरू हो गया था। उन्होंने शिकायत की, लेकिन कुश्ती संघ में कोई शिकायत समिति नहीं थी। न्यायमूर्ति लोकुर ने विरोध करने वाले पहलवानों के लिए खतरे की धारणा के बारे में भी बात की और बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, हमने 28 मई को घटित भयानक दृश्य देखा। पीड़ितों को बताया जा रहा है कि वे अपराधी हैं क्योंकि उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया था। सुप्रीम कोर्ट की वकील बृंदा ग्रोवर ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने पहलवानों के मामले में कानून का उल्लंघन किया है। आंतरिक शिकायत समिति का होना कानून के तहत अनिवार्य है। कुश्ती महासंघ में आईसीसी नहीं होने से राज्य कानून का उल्लंघन कर रहा है। ग्रोवर ने कहा कि अदालतों को एक अलग नजरिए से स्थिति को देखने की जरूरत है जहां राज्य कानून को तोड़ने के लिए अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले के माध्यम से यह संकेत दिया जा रहा है कि महिलाओं को शक्तिशाली व्यक्तियों के खिलाफ यौन अपराध की रिपोर्ट नहीं करनी चाहिए। दो ओलंपिक पदक विजेता और एक विश्व चैंपियन सहित भारत के शीर्ष पहलवान डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, जिन पर महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पहलवान पहली बार जनवरी में सड़कों पर उतरे और उन्हें बताया गया कि एक समिति उनके आरोपों पर गौर करेगी। कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है।

### पंजाब के 35 बैडमिंटन खिलाड़ी शिविर के लिए हैदराबाद रवाना



**चंडीगढ़ :** खेल विभाग मुख्यालय हॉकी ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम मोहाली से 35 बैडमिंटन खिलाड़ी ज्वाला गुट्टा अकादमी ऑफ एक्सीलेंस में एक महीने के विशेष प्रशिक्षण के लिए गुरुवार को हैदराबाद रवाना हो गए। इनमें अंडर नौ से 16 वर्ष की 18 लड़कियों और 17 लड़के शामिल हैं। उनके साथ पंजाब के दो बैडमिंटन कोच भी थे। खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हायर ने हैदराबाद रवाना हुए खिलाड़ियों का अभिवादन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पंजाब को खेलों में देश का नंबर एक राज्य बनाने के प्रयासों के तहत पंजाब में खेल संस्कृति का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि हैदराबाद देश में बैडमिंटन का हब है और पंजाब से खिलाड़ियों को यहां भेजने का मकसद बड़ा मंच मुहैया कराना है। पंजाब सरकार के प्रयासों से पहली बार यह शिविर लगाया जा रहा है, जिसका पूरा खर्च खेल विभाग वहन कर रहा है। इस शिविर में खिलाड़ियों को भारतीय बैडमिंटन कोच मोहम्मद आरिफ और ज्वाला गुट्टा एक महीने तक प्रशिक्षण देंगे। खेल मंत्री ने कहा कि देश भर के बैडमिंटन खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए ज्वाला गुट्टा एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस, हैदराबाद (तेलंगाना) में एक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के लिए राज्य भर से कुल 35 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

## एशिया कप : चार मैच पाकिस्तान में, नौ श्रीलंका में

**एजेंसियां**




**कॉलंबो:** सितंबर में होने वाले एकदिवसीय एशिया कप 2023 के चार मैच पाकिस्तान में जबकि अन्य नौ मैच श्रीलंका में खेले जायेंगे। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा प्रस्तावित ह्यहाइब्रिड मॉडलह्न को एसीसी की पुष्टि मिलने के बाद टूर्नामेंट पाकिस्तान में चार मैचों के साथ शुरू होगा। उसके बाद अंतिम नौ मैचों लिये टूर्नामेंट श्रीलंका का रुख करेगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पाकिस्तान जाने से मना करने के बाद पीसीबी के अध्यक्ष नजम सेठी ने यह हाइब्रिड मॉडल प्रस्तावित किया था। एशिया कप 2023 भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश, अफगानिस्तान और नेपाल सहित छह टीमों का टूर्नामेंट होगा। नेपाल ने पहली बार इस आयोजन में जगह बनायी है। साल 2022 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित टी20 एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद श्रीलंका गत एशियाई चैंपियन है। इस साल श्रीलंका ग्रुप-बी में बंगलादेश और अफगानिस्तान के साथ है, जबकि भारत को लीग चरण में पाकिस्तान और नेपाल के ग्रुप में रखा गया है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर-चार चरण में प्रवेश करेंगी। दूसरे चरण में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगी।

### टेस्ट टीम में पुजारा की जगह ले सकते हैं जायसवाल



**मुंबई :** जुलाई में होने वाले भारत के वेस्ट इंडीज दौरे पर युवा प्रतिभा यशस्वी जायसवाल भारतीय टेस्ट टीम में अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की जगह ले सकते हैं। वेस्ट इंडीज दौरा 2023-25 ??विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में उनकी पहली शृंखला होगी, लेकिन चयनकर्ता डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार के बाद टीम में बड़े बदलाव करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे का डोमिनिका और त्रिनिदाद में होने वाले दो टेस्ट मैचों में खेलना निश्चित है, लेकिन टीम में चेतेश्वर पुजारा की जगह पर एक सवालिया निशान है। टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भारत के लिये नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने वाले पुजारा ने 2020 के बाद से 29 .69 की निराशाजनक औसत से 52 पारियों (28 टेस्ट) में केवल एक शतक बनाया है।

### अंतरराष्ट्रीय मलखंब दिवस पर झारखंड मलखंब अकादमी के खिलाडियों द्वारा शानदार प्रदर्शन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस के अवसर पर झारखंड मलखंब अकादमी,बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय,सेक्टर-2,धुर्वा, रांची केन्द्र के बालक-बालिका खिलाड़ियों के द्वारा कई आकर्षक कार्यक्रम के तहत बालक -बालिका ने पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब एवं पिरामिड बनाकर दर्शकों को आकर्षित किया। आज राष्ट्रीय खिलाड़ी अनुशिखा कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, कावेरी कुमारी, आरूषी कुमारी, प्रीति कुमारी, सोनम गाड़ी एवं सौम्या सेजल वर्मा ने शानदार पोल पिरामिड का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, निखिल कुमार , प्रीति रानी एवं कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय मलखंब दिवस पर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ०अजय झा ने मलखंब के इतिहास पर विस्तृत जानकारी दी।

## कृति सैनन ने फिल्म आदिपुरूष में सीता बनने का एक्सपीरिएंस शेयर किया

**एजेंसियां**



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने फिल्म आदिपुरुष में सीता बनने का एक्सपीरिएंस शेयर किया है। भूषण कुमार निर्मित और ओम राउत निर्देशित आदिपुरुष में प्रभास,सैफ अली खान, कृति सैनन, देवदत्त गजानन नागे, सोनल चौहान, वत्सल सेठ आदि प्रमुख भूमिका में हैं।इस फिल्म में प्रभास भगवान राम, कृति माता सीता, सैफ अली खान लंकेश और सनी सिंह लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। कृति सैनन ने फिल्म आदिपुरूष में सीता बनने का एक्सपीरिएंस शेयर किया है।कृति ने बताया कि फिल्म आदिपुरूष के लिए उन्होंने लंबी वर्कशॉप की और ओम राउत के साथ बैठकर घंटों बातचीत भी की। फिल्म आदिपुरूष के लिए मां जानकी बन पाना बाहरी तौर पर तो मुश्किल था ही, लेकिन इससे कहीं ज्यादा मुश्किल था उनके किरदार की गहराई को समझना और उसमें उतर पाना।मां सीता की जर्नी, उनकी मन में चल रही उधेड़बुन को समझना और स्क्रीन पर उसे दर्शाना आसान नहीं था। मुझे उनके मन की कठिनाई और चुनौतियों को समझने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी और इसमें समय भी लगा। कृति सैनन ने बताया कि उन पर फिल्म आदिपुरूष में मां सीता के कैरेक्टर को सही तरीके से निभा पाने का बहुत प्रेशर था। उन्होंने कहा- मां सीता को हजारों लोग पूजते हैं। ऐसे में इस रोल को निभाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी।मेरे मन में हर वक्त ये चलता रहता था कि मैं इस रोल के साथ न्याय करने के लिए वो सब कुछ कर लूं जो जरूरी हो।'' फिल्म आदिपुरुष 16 जून को रिलीज होगी।

## नवाजउद्दीन सिद्दीकी की फिल्म टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता नवाजउद्दीन सिद्दीकी की आने वाली फिल्म टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कंगना रनौत निर्मित टीकू वेड्स शेरू में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर की मुख्य भूमिका है। फिल्म ह्यटीकू वेड्स शेरूह्न का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि शेरू (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) और टीकू (अवनीत कौर) अपने-अपने जीवन को बेहतर बनाने की जद्दो-जहद में लगे हुए हैं, लेकिन नियति ने उनके लिए कुछ और ही योजना बना रखी है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे शेरू को टीकू से प्यार हो जाता है और कैसे दोनों अंडरवर्ल्ड, ड्रग्स और रोमांस के बीच फंस जाते हैं। ट्रेलर की शुरुआत शेरू से होती है, जो मुंबई में एक अभिनेता के तौर पर संघर्ष कर रहा है। लेकिन जहां एक तरफ वह अपना करियर बनाने में लगा है, उसका परिवार उसके लिए शादी के सपने सजा रहा है। जिसका नाम टीकू है। टीकू अभिनेत्री बनने का सपना देखती है। वह भोपाल से बाहर जाने और मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री में पैर जमाने के अपने सपनों के कारण ही इस शादी के लिए हां कहती दिखाई देती है।

## 05 अक्टूबर को रिलीज होगी अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा स्टारर 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू'



**एजेंसियां**

**मुंबई:** अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा स्टारर 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' 05 अक्टूबर को रिलीज होगी। पूजा एंटरटेनमेंट के तले बन रही फिल्म 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' दिवंगत जसवंत सिंह गिल के जीवन की सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिन्होंने भारत के पहले कोयला खदान बचाव मिशन का नेतृत्व किया था। इस फिल्म में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा मुख्य भुमिकाओं में नजर आएंगे। वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी और अजय कपूर द्वारा निर्मित फिल्म 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई ने किया हैं। 'द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू' 05 अक्टूबर को रिलीज होगी।

## यश कुमार की फिल्म अपहरण का फर्स्ट लुक रिलीज

**एजेंसियां**



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की आने वाली फिल्म अपहरण का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। अपहरण के फर्स्ट लुक में यश कुमार की दो तस्वीर और फिल्म की लीड अभिनेत्री प्रियंका रेवाड़ी की भाव भंगिमा बेहद आकर्षक है। फिल्म अपहरण के निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं।अजय श्रीवास्तव ने कहा कि फिल्म 'अपहरण' की कहानी दर्शकों को पसंद आएगी। मनोरंजन भरपूर मिलेगा हमारी फिल्म में। जरा सा सब्र दर्शकों को करना होगा। तभी इस फिल्म के इंतजार का मजा होगा। उससे पहले मैं ये स्पष्ट कर दूं कि फिल्म अपहरण किसी भी इंडस्ट्री की फिल्म से कोई ताल्लुक नहीं रखता।

## गुंजन सिंह का गाना 'लियादी एगो मेक्सी' रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के लोकगायक गुंजन सिंह का गाना 'लियादी एगो मेक्सी' सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल म्यूजिक चैनल से रिलीज हो गया है। गाना 'लियादी एगो मेक्सी' को गुंजन सिंह ने शिल्पी राज के साथ मिल कर गाया है। वहीं, इस गाने को लेकर गुंजन सिंह भी उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि गाना 'लियादी एगो मेक्सी' को दर्शकों का खूब प्यार और दुलार मिलेगा। गुंजन सिह ने कहा,गाना 'लियादी एगो मेक्सी' में मनोरंजन के सभी मसाले हैं। यह दर्शकों की जुबान पर एक बार में चढ़ जाने वाला गाना है। इस गाने में मस्ती है। रोमांस है। गर्मी की तपिश में महिलाओं के लिए संवेदना भी है। इस एक गाने में वह सब कुछ है, जो इस गाने को दूसरे गानों से अलग और रॉकिंग बनाती है। मुझे इस गाने को करते हुए बेहद मजा आया। अब यह जनता जनार्दन के पास है, वही हमारे गाने को हिट कराएंगे।

## दीया मिर्जा की सीरीज 'काफिर' के प्रदर्शन के चार साल पूरे



**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा की सीरीज ह्यकाफिरह्न को प्रदर्शित हुये चार साल हो गए हैं। काफिर कश्मीर की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें एक पाकिस्तानी महिला और उसकी बेटी की जिंदगी के संघर्ष को बेहद मार्मिक तरीके से दिखाया गया। इस सीरीज में दीया मिर्जा ने कैनाज अख्तर का किरदार निभाया था। काफिर जी 5 पर रिलीज हुई थी। ह्यकाफिरह्न में दीया मिर्जा के साथ मोहित रैना भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस सीरीज का निर्देशन सोनम नायर किया था।दीया मिर्जा की ह्यकाफिरह्न को प्रदर्शित हुये चार साल पूरे हो गये हैं। दीया मिर्जा ने कहा, मैंने कैनाज के साथ बहुत लंबी दूरी तय की है और जैसा मैंने चार साल पहले कहा था, उस किरदार के भीतर खुद को ढूंढना एक अलग ही एक्सपीरियंस था। कैनाज अभी भी मेरा हिस्सा है और मैं अब एक मां के रूप में अपनी बेटी के प्रति उनके प्यार को और गहराई से महसूस करती हूं। एक एक्टर के रूप में, मेरे लिए यह जरूरी है कि मैं ऐसा काम करूं, जिसका उद्देश्य लोगों को सकारात्मक तरीके से एक साथ लाना हो। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कहां रहते हैं लेकिन आखिर हम सभी हैं तो इंसान ही, जो प्यार, शोक, आशा, ममता और ऐसे ही कई लम्हों को एक जैसा ही महसूस करते हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### जमीनी विवाद के चलते एक महिला की हत्या

**भिण्ड:** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में जमीन विवाद के चलते एक महिला की सिर पर लाठी मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोहद चैराहा थाना अंतर्गत आने वाले नबाव सिंह का पुरा गांव में जमीनी विवाद के चलते जय सिंह ने अपनी चाची मुन्नीबाई के सिर में कल लाठी मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सहकारी समिति के प्रबंधक के निवास पर छापा

**कटनी:** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में आज आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यु) की टीम ने एक सहकारी समिति प्रबंध के घर पर छापा मारा है। सूत्रों के अनुसार तीस सदस्यीय ईओडब्ल्यु की टीम ने रीठी क्षेत्र के देवरी कला निवासी सहकारी समिति प्रबंधक अनिल राय के घर छापा मारा है।

### व्यापारी को चाकू मारने के आरोप में एक गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की पुलिस ने प्रतिद्वंद्वी कारोबारी पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि श्रीनगर के रामबाग इलाके में बुधवार को देर शाम आदिल अमीन पर चाकू से हमला करने के आरोप में मेहजूर नगर निवासी दानिश मल्ला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ट्वीट कर कहा,हमले की वजह फल बेचने के धंधे को लेकर कारोबारी रंजिश बताई जा रही है।

### दंपति की कुल्हाडी से हत्या

**भिण्ड:** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में आज तड़के एक बुजुर्ग दंपति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौ थाना क्षेत्र के छैंकुरी गांव में रहने वाले हरज्ञान सिंह जाटव (65) और उनकी पत्नी श्रीमती रामश्री (55) कल रात में घर के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। आज सुबह दोनों के शव खून से लथपथ मिले।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 'कोचिंग सेंटर में आग लगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के मुखर्जी नगर इलाके में बत्रा सिनेमा के निकट एक कोचिंग संस्थान में गुरुवार की दोपहर आग लग गयी। अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर 12.27 बजे फोन पर कोचिंग संस्थान की इमारत में आग लगने की जानकारी मिली जिसके तत्काल बाद 11 दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया और बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि छात्रों को बचाने के लिए बहुमंजिला इमारत से रस्सी के सहारे नीचे उतारना पड़ा। मौके पर आग बुझाने काम और बचाव अभियान अभी जारी है। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है।

### यौन उत्पीड़न करने का आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर;** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पुलिस ने गुरुवार को यहां एक किशोरी का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाउसिंग कॉलोनी चनापोरा निवासी मुहताक अहमद खान (48) को 13 वर्षीय किशोरी का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चनापोरा थाने में यौन अपराध बाल संरक्षण (पोस्को) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कार दुर्घटना में दो लोगों की मौत,तीन घायल

**जम्मू :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के बुधाल इलाके में गुरुवार को एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा आज सुबह करीब 07:30 बजे उस वक्त हुआ, जब तारगैन से समोते की ओर आ रही कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार पांच लोगों में से दो की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गए। घायलों को जीएमसी एसोसिएटेड अस्पताल राजौरी में भर्ती कराया गया है ।

---

### ऑस्ट्रिया की घटना का स्विटजरलैंड तक असर जारी

# प्राचीन बर्फ पिघल गया तो पर्वत के टूटने का दौर प्रारंभ

**राष्ट्रीय खबर**

**अल्पाइन:** ऑस्ट्रिया के टायरॉल में एक पहाड़ के शिखर का एक हिस्सा ढह गया है, जिससे 100,000 क्यूबिक मीटर से अधिक चट्टानें नीचे घाटी में गिर रही हैं और मिट्टी के धंसने शुरू हो गए हैं। इस घटना से स्विटजरलैंड तक सतर्कता के आदेश जारी किये गये हैं। वैसे पत्थरों का टूटकर गिरने का सिलसिला अब भी जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया के बीच की सीमा पर सिलवरेटा आल्प्स में लगभग 3,400 मीटर पर्वत फ्लुचथॉर्न से रविवार को चट्टानें गिरना शुरू हो गईं। अल्पाइन पुलिस के मुताबिक, चट्टान गिरने से कोई घायल नहीं हुआ है। प्रभावित क्षेत्र में एक टोही उड़ान में, राज्य के भूवैज्ञानिकों ने गिरी हुई चट्टान की मात्रा का प्रारंभिक आकलन किया, लेकिन उनका कहना है कि यह अच्छी तरह से रूढ़िवादी हो सकता है क्योंकि अधिक सटीक तस्वीर प्राप्त करने में समय लगेगा। यह एक अपेक्षाकृत बड़ी घटना है, हम कम से कम 100,000 क्यूबिक मीटर (लगभग 3.5 मिलियन क्यूबिक फुट) चट्टान के बारे में बात कर रहे हैं, जो गिर गई है, संभवतः इससे भी अधिक। भूवैज्ञानिकों ने मिट्टी और चट्टानों की एक लंबी अवधि की जमी हुई परत, पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने पर पतन को रोक दिया है।

हम इस घटना के कारण के बारे में अपेक्षाकृत निश्चित हो सकते हैं। पर्माफ्रॉस्ट यानी प्राचीन बर्फपहाड़ों का गोंद है और जलवायु परिवर्तन के कारण लंबे समय से बर्फ



पिघल रही है। इसके बाद हम यहां जो परिणाम देखते हैं, उसका कारण बनता है। स्विट्जरलैंड में डब्ल्यूएसएल इंस्टीट्यूट फॉर स्नो एंड हिमस्खलन रिसर्च में पर्माफ्रॉस्ट रिसर्च ग्रुप लीडर मार्सिया फिलिप्स ने कहा कि जब परमाफ्रॉस्ट पिघलता है तो इसका अस्थिर प्रभाव हो सकता है। पानी नए खुले फांकों के माध्यम से चट्टान के द्रव्यमान में गहराई से प्रवेश कर सकता है, जो पहले पर्माफ्रॉस्ट बर्फ से भरा हुआ था, ह्वउसने सीएनएन को बताया, यह समझाते हुए कि इससे चट्टानें टूट सकती हैं। फिलिप्स ने कहा कि यह कहने के लिए पर्याप्त डेटा नहीं है कि हाल के वर्षों में रॉकफॉल्स में वृद्धि हुई है या नहीं, क्योंकि आमतौर पर केवल बड़ी घटनाएं होती हैं जो अच्छी तरह से प्रलेखित होती हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जनता की जानकारी पर भरोसा करते हैं, और दूरदराज के इलाकों में कई चट्टानें होती हैं।

लेकिन, जैसा कि मानव-जनित जलवायु परिवर्तन वैश्विक तापमान को बढ़ाता है, जिसके कारण पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है और बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं, इस क्षेत्र में चट्टानें और अधिक सामान्य हो जाती हैं।

फिलिप्स ने कहा, बढ़ते पर्माफ्रॉस्ट तापमान, बर्फ की कमी और उच्च भूजल सामग्री के साथ-साथ हम ढलान की गतिविधियों में वृद्धि की उम्मीद करते हैं और ऊंचाई पर चट्टानें गिरती हैं जहां परमाफ्रॉस्ट आल्प्स में पाया जाता है। पत्थरों का इस तरह गिरना इन पहाड़ों की छाया में रहने वालों के लिए भारी व्यवधान पैदा कर सकते हैं।

मई में, दावोस के पास ग्रौबंडन के क्षेत्र में ब्रियांज के स्विस गांव के निवासियों को चेतावनी के बाद खाली करने के लिए मजबूर किया गया था कि उनके घरों को इसके ऊपर पहाड़ से गिरने वाली लगभग 2 मिलियन क्यूबिक मीटर चट्टानों से कुचल दिया जा सकता है। चट्टानें अभी तक गांव से नहीं टकराई हैं, लेकिन निवासी वापस लौटने में असमर्थ हैं। पिछले कुछ दिनों में गतिविधि में नाटकीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें बहुत सारी चट्टानें गिर रही हैं।

---

**विवाद** >

### कांग्रेस की योजना लागू होने के पहले ही भाजपा का अड़ंगा

# कर्नाटक में अन्नभाग्य से पहले चावल की आपूर्ति रोकी गयी

**राष्ट्रीय खबर**

**बेंगलुरुः** कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की पांच गारंटियों को लागू करने की पहल क्या कर दी, भाजपा की केंद्र सरकार ने इसमें अड़ंगा लगा दिया है। भले ही भले ही कर्नाटक में कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी खींचतान खत्म हो गई है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की महत्वाकांक्षी परियोजना अन्न भाग्य के कार्यान्वयन को लेकर सत्ता की खींचतान अभी भी जारी है। इस योजना के तहत, 1 जुलाई से गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवार के प्रत्येक सदस्य और अंत्योदय कार्ड धारकों को 10 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा। हालाँकि, इसका क्रियान्वयन अब



संकट में है क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र ने भारतीय खाद्य निगम को राज्यों को गेहूं और चावल बेचने से रोक दिया है। इसे एक राजनीतिक निर्णय बताते हुए, सिद्धारमैया ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने एफसीआई को ओपन मार्केट सेल्स स्कीम डोमेस्टिक (ओएमएसएसडी) के तहत राज्य सरकारों को गेहूं और चावल बेचने से रोकने का आदेश दिया है। उन्होंने भाजपा पर अपनी नीति के तहत लागू की जाने वाली इस योजना में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

कर्नाटक सरकार ने आकलन किया कि योजना के तहत 5 किलो अतिरिक्त चावल देने के लिए उसे हर महीने 2.28 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न की आवश्यकता होगी, बाकी 5 किलो चावल केंद्र सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्य को प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार और एफसीआई के अधिकारियों के बीच बातचीत के बाद निगम परिवहन लागत सहित 36.60 रुपये प्रति किलो चावल उपलब्ध कराने पर राजी हुआ। इससे राज्य सरकार पर प्रति माह 840 करोड़ रुपये और प्रति वर्ष 10,092 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैबिनेट ने पिछले हफ्ते प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी और एफसीआई ने 12 जुलाई को एक पत्र में इस महीने के अंत में चावल उपलब्ध कराने की पुष्टि की थी। 13 जून को, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने आदेश दिया कि राज्य सरकार के लिए ओएमएसएसडी के तहत गेहूं और चावल की बिक्री बंद कर दी जाए। हालाँकि, यह उत्तर पूर्व के लिए जारी है। एफसीआई ने इस पर पहले सहमति जतायी थी लेकिन 13 जून को वे पीछे हट गए। केंद्र सरकार ने इस डर से एक राजनीतिक निर्णय लिया है कि यह योजना कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का नाम रोशन करेगी।

---

# विधि आयोग समझे, भाजपा नहीं राष्ट्रहित है महत्वपूर्ण : कांग्रेस



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** विधि आयोग के समान नागरिक संहिता को लेकर फिर से विचार विमर्श करने की मंशा से बुधवार को प्रेस नोट जारी किये जाने को लेकर कांग्रेस ने उस पर निशाना साधाते हुए कहा है कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीतिक महत्वाकांक्षा साधने वाला प्रेस नोट है इसलिए आयोग को समझना चाहिए कि उसके लिए भाजपा नहीं राष्ट्रहित ज्यादा महत्वपूर्ण है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा ''भारत के 22वें विधि आयोग ने 14 जून को एक प्रेस नोट के माध्यम से समान नागरिक संहिता पर फिर से विचार-विमर्श करने के अपने इरादे को ज़ाहिर किया है। कानून और न्याय मंत्रालय के प्रेस नोट में दिए एक संदर्भ से स्पष्ट है कि यह पहले भी किया गया था। ऐसे में विधि आयोग का समान नागरिक संहिता के बारे में फिर से विचार-विमर्श करने का फैसला आश्चर्यजनक है। उसके प्रेस रिलीज में ही यह स्वीकार किया गया है कि इसके पहले, 21वें विधि आयोग ने अगस्त 2018 में इस विषय पर एक परामर्श पत्र जारी किया था।'' उन्होंने कहा कि सरकार दोबारा यह कदम क्यों उठा रही है इसको लेकर नोट में 'विषय के महत्व, प्रासंगिकता और अदालती आदेशों' जैसे अस्पष्ट संदर्भ या तर्क के अलावा कोई ठोस कारण नहीं बताया गया है। इस मुद्दे को फिर से उठाने की वास्तविकता बताते हुए उन्होंने कहा कि 21वें विधि आयोग ने इस विषय की विस्तृत और व्यापक समीक्षा करने के बाद पाया कि समान नागरिक संहिता की न तो इस स्टेज पर आवश्यकता है और न ही वांछित। ऐसे में इस समय इस मुद्दे को हवा देने का प्रयास मोदी सरकार के ध्रुवीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने और विफलताओं से ध्यान भटकाने का स्पष्ट कारण नज़र आता है। उन्होंने कहा , ''जब भारतीय संस्कृति की विविधता का जश्न मनाया जा सकता है और मनाया जाना चाहिए, तब इस प्रक्रिया में समाज के विशेष समूहों या कमजोर वर्गों को वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

---

# तेंदूपत्ता संग्राहकों के हक की राशि उन्हें दे सरकार : कमलनाथ



**एजेंसियां**

**भोपालः** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर तेंदूपत्ता संग्राहकों की कमाई प्रचार में खर्च करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि सरकार उनके हक की राशि उन्हें उपलब्ध कराए। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के 40 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत की कमाई को अपने प्रचार प्रसार और इवेंटबाज़ी में खर्च करना चाहती है। भाजपा सरकार प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की फोटो वाले छाते, पानी की बोतल और अन्य सामान की खरीदी कर सरकारी ख़र्चे पर बांटने की प्रचार योजना बना रही है। इस पूरी प्रचार योजना और इवेंटबाजी पर तेंदूपत्ता संग्राहको के श्रम के 260 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब मजदूरों के हक के पैसे उनको सीधे न देकर, सामान खरीदकर बाँटने की इवेंटबाजी जायज नहीं है। सरकार इसे सीधे बोनस के तौर पर तेंदूपत्ता संग्राहकों को प्रदान करें। इस बार तेंदूपत्ता का संग्रहण भी कम होना सम्भावित है, जिससे तेंदूपत्ता संग्राहक की आय घट रही है।

---

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की प्रेम कहानी का खुलासा

**एजेंसियां**

**पुणे :** मराठी पत्रकार दिगंबर दराड़े की ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के जीवन के विभिन्न पहलुओं से आम लोगों को रूबरू कराने वाली किताब इन दिनों युवाओं के बीच जबरदस्त आकर्षण का केंद्र बनी हुई है जिसमें श्री सुनक के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया है वहीं भारत के व्यापार जगत के चमकते नाम इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति की बेटी अक्षता मूर्ति के साथ उनकी प्रेमकहानी को भी रोचक अंदाज में पेश किया गया है। पूरी दुनिया में मिलियन डॉलर की प्रेम कहानी के नाम से मशहूर अक्षता और ब्रिटिश प्रधानमंत्री की प्रेम कहानी दराड़े की किताब में दिलचस्प तरीके से सामने आयी हैं। किताब में बताया गया है कि भारत में अपनी पूरी



शिक्षा के बाद, अक्षता ने एमबीए के लिए कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया और यहीं पर उनकी पहली मुलाकात सुनक से हुई जो अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैं।

सुनक ने बचपन से ही स्टैनफोर्ड में पढ़ने का सपना देखा था और उन्होंने छात्रवृत्ति प्राप्त कर अपने शिक्षा के सपने को पूरा किया लेकिन इस विश्वविद्यालय में जाने के बाद उन्हें एक ऐसी लड़की से प्यार हो गया, जिसका नाम भारतीय व्यापार जगत में काफी नाम है और जिनका परिवार अमीरों की सूची में शामिल है। पिछले माह जारी की गई पुस्तक वर्तमान में युवाओं के बीच खूब चर्चा में है। पढ़ाई में बेहद मेधावी श्री सुनक पढ़ने का सपना लेकर स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी आए थे। पढ़ाई पूरी करने के दौरान उनकी और अक्षता की मुलाकात हुई। किताब के मुताबिक दोनों में दोस्ती हुई और ये दोस्ती प्यार में बदल गई। बेंगलुरु की जोड़ी ने 2009 में शादी की और वर्तमान में उनकी दो बेटियां हैं। एक बार श्री सुनक ने उन्हें स्वीकार करने के लिए अक्षता को धन्यवाद भी दिया, जो एक बहुत अमीर परिवार से ताल्लुक रखती थीं। इसके अलावा इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने भी अपनी बेटी द्वारा चुने गए लड़के पर गर्व जताया। अक्षता इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति की बेटी हैं। लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता सुधा मूर्ति ने अपनी बेटी को बचपन से ही लग्जरी लाइफस्टाइल की आदत डाले बिना बेहद सादा जीवन जीना सिखाया। किताब में यह भी कहा गया है कि बचपन में अक्षता को महंगी कार से नहीं, बल्कि रिक्शा से स्कूल भेजा गया था। अक्षता मूर्ति खुद एक फैशन डिजाइनर हैं और उनकी कुल संपत्ति 700 मिलियन डॉलर है।

अक्षता ने बताया '' ब्रिटेन में बसने के बाद भी अपनी भारतीय पहचान को बनाए रखने को लेकर एक बार दोनों के बीच विवाद भी हुआ था। तब मैंने उन्हें बताया कि मुझे भारत और ब्रिटेन दोनों से प्यार है। ऋषि सुनक ने भी इस पर अपनी पत्नी का पक्ष लिया, जिसे पुस्तक में जोड़ा गया है।

---

## न्यूज फटाफट

### बलूचिस्तान में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने चार आतंकवादियों को मार गिराया है। आतंकवाद विरोधी अभियान विभाग ने बुधवार को मीडिया को बताया कि सीटीडी के जवानों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास स्थित बलूचिस्तान प्रांत के चमन जिले में चलाये अभियान में एक प्रतिबंधित संगठन से जुड़े आतंकवादियों को मार गिराया है।अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान जब सीटीडी के जवानों ने आतंकवादियों से हथियार डालने के लिए कहा तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। विस्फोटक वाली जैकेट पहने एक आतंकवादी को सुरक्षा अधिकारी ने गोली मार ढेर कर दिया।

### रूस ने क्रीमिया में छह ड्रोनों को मार गिराया

**सिम्फरोपोल,रूस :** रूस ने क्रीमिया में छह ड्रोन को मार गिराने तथा और तीन अन्य को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण द्वारा रोक देने का दावा किया है। क्षेत्र के प्रमुख सर्गेई अक्सेनोव ने गुरुवार को कहा, ''नौ यूएवी यानी मानवरहित हवाई वाहनों को क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में देर रात और सुबह देखा गया। इनमें से छह को हवाई सुरक्षा द्वारा मार गिराया गया और तीन को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण रोक दिया गया।'' उन्होंने कहा कि क्रास्नोवार्देस्की जिले के डोकुचेवो गांव में एक ड्रोन में विस्फोट हुआ, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कई घरों की खिड़कियां टूट गईं। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाओं को दुर्घटनास्थल पर भेज दिया गया और निवासियों से शांत रहने और केवल सत्यापित स्रोतों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया।

### ईरान ने अफगानिस्तान के 178 कैदियों को वापस भेजा

**तेहरान :** ईरान ने 2012 के द्विपक्षीय कैदी स्थानांतरण समझौते के तहत अफगानिस्तान के 178 कैदियों को उनके देश वापस भेज दिया। ईरान के मानव अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप न्याय मंत्री अस्कर जलालियन ने मंत्रालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान में बताया कि दोषी तालिबान अधिकारियों की देखरेख में अफगानिस्तान में अपनी जेल की सजा जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान ने तीन ईरानी कैदियों को भी वापस भेज दिया है। ईरानी मंत्रालय के अनुसार देश के विभिन्न जेलों से 1,131 अफगान नागरिकों को वापस भेज दिया गया है।

### 'यूक्रेन ने डोनेटस्क में दागे 20 रॉकेट'

**डोनेटस्क:** यूक्रेन की सेना ने डोनेटस्क शहर में 20 रॉकेट दागे हैं। यह जानकारी यूक्रेन के युद्ध अपराधों से संबंधित मुद्दों पर डोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) के संयुक्त केंद्र नियंत्रण एवं समन्वय (जेसीसीसी) के प्रतिनिधि कार्यालय ने दी है। कार्यालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र इकाइयों ने तड़के 04:50 बजे डोनेट्स्क (पेत्रोव्स्की जिला) के कुराखोव्का एमएलआरएस से 20 रॉकेट दागे। उल्लेखनीय है कि डोनेट्स्क और लुगांस्क पीपुल्स रिपब्लिक की अपील पर रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान शुरू किया था। इसके जवाब में पश्चिमी देशों ने रूस पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए हैं।

### फिलीपींस में भूकंप के जोरदार झटके

**हांगकांग:** फिलीपींस के मिंडोरो में गुरुवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप के झटके के अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार गुरुवार को तड़के 02:19:25 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र धरती की सतह से 124.241 किलोमीटर की गहराई में 13.7952 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 120.713 डिग्री पूर्वी देशांतर में था।

### यूनान में जहाज डूबने से 78 की मौत,104 को बचाया गया

**एथेंस :** यूनान के पेलोपोनिसे में प्रवासियों को लेकर जा रहे जहाज डूबने से कम से कम 78 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 104 लोगों को बचा लिया गया है।

## आज का इतिहास

- 1606 : सिक्खों के पांचवें गुरु अर्जन देव का निधन।
- 1746 : पियाकेन्जा में लड़ाई: ऑस्ट्रिया और सर्दीनिया ने स्पेनिश और फ्रांसीसी सेना को हराया।
- 1779 : स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ जंग का आगाज किया।
- 1815 : नेपोलियन ने नीदरलैंड में लिग्नी की लड़ाई में प्रूसिया को पराजित किया।
- 1822 : डेनमार्क वेसी ने दक्षिण कैरोलिना में दास विद्रोह का नेतृत्व किया।
- 1824 : ग्रेट ब्रिटेन में जानवरों की क्रूरता की रोकथाम के लिए रॉयल सोसाइटी की स्थापना की गई।
- 1858 : प्रथम भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान मोरार की लड़ाई लड़ी गई।
- 1881 : ऑस्ट्रिया -हंगरी और सर्बिया ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1884 : अमेरिका के ब्रुकलिन में पहला रोलर कोस्टर खोला गया।
- 1891 : जॉन अबॉट कनाडा के तीसरे प्रधानमंत्री बनाये गए।
- 1904 : यूजीन शयूमन ने फिनलैंड के गवर्नर जनरल निकोले बॉब्रीकोव की हत्या कर दी थी।
- 1911 : न्यूयार्क में आईबीएम कंपनी की स्थापना। पहले इसका नाम कंप्यूटिंग टैब्यूलेटिंग रिकार्डिंग कंपनी था।
- 1925 : राष्ट्रवादी नेता चितरंजन दास का निधन।
- 1950 : बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती का जन्म।
- 1979 : सीरिया में मुस्लिम ब्रदरहुड के साथ संघर्ष में 62 शेखों की मौत।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शुक्रवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

16:06:2023


## जगन्नाथपुर रथ मेले को लेकर डीसी ने दिए कई निर्देश

रांचीः जगन्नाथपुर रथ मेला में विधि व्यवस्था बेहतर करने को लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता हुई बैठक किया गया। बैठक में मंदिर समिति सदस्यों सहित विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान जगन्नाथपुर रथ मेला में सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर डीसी ने दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त ने सभी समितियों से मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी ली।

**हड़ताल** कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 2 दिन से हड़ताल पर

# नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल से दफ्तर का काम ठप, लोग परेशान

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांचीः रांची नगर निगम के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 2 दिन से हड़ताल पर हैं। निगम के कर्मचारियों की हड़ताल से निगम कार्यालय के कई कार्य ठप पड़ गए हैं। जिसको लेकर निगम के अन्य कर्मचारी और पदाधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम की हड़ताल का असर आम लोगों पर भी पड़ रहा है और उन्हें कई समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं।

नगर निगम में अपना काम कराने पहुंचे मोरहाबादी के लोगों ने बताया कि वह अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे थे लेकिन हड़ताल होने के कारण कर्मचारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया। वहीं बूटी मोड़ से आई एक महिला ने बताया कि निगम के



कर्मचारियों की हड़ताल से आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी के सभी 53 वार्ड से आ रहे लोगों का काम नहीं हो पा रहा है। क्योंकि हड़ताल से दफ्तर का काम ठप है, इसलिए उन्हें यहां से खाली हाथ और मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें खुद हड़ताल पर जाना पसंद नहीं है। लेकिन जिस तरह से निगम में वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को नौकरी से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में निगम के हजारों कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल का नेतृत्व कर रहे निगम कर्मचारी संघ के नेता नरेश राम ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक निगम को कई अधिकार प्राप्त थे। जिसके आधार पर निगम के अधिकारी अपने कर्मचारियों के हित के लिए कई निर्णय ले सकते थे लेकिन अब सरकार के द्वारा निगम के कई अधिकार छीन लिये गये हैं। जिस वजह से निगम के अधिकारी अपने कर्मचारियों को कई सुविधाएं मुहैया नहीं करा पा रहे हैं।हड़ताल पर बैठे कर्मचारी राम जय पांडे ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कर्मचारियों की पदोन्नति, अस्थायी कर्मचारियों का स्थायीकरण, अनुकंपा पर नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को अब तक नौकरी नहीं दी गई है। इसके अलावा भी उनके कई मांगों पर अब तक विचार नहीं किया गया। ऐसे कई लाभ हैं जो निगम के कर्मचारियों को मिलनी चाहिए लेकिन उन्हें सुविधा नहीं मिल पा रही है।

लेकिन निगम के कर्मचारियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। निगम कर्मचारियों की हड़ताल से लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जेएमएम जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम उनसे मिलने पहुंचे। उन्होंने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया और काम पर लौटने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उनकी तरफ से प्रयास किया जाएगा कि निगम कर्मचारियों की बातों को अधिकारी और सरकार के उच्च अधिकारियों के पास पहुंचाया जा सके। लेकिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि राज्य सरकार, नगर निगम और नगर विकास विभाग जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं करता है तो आने वाले दिनों में निगम के कर्मचारियों का हड़ताल और भी उग्र होगा। जिसके जिम्मेदार निगम के पदाधिकारी और अधिकारी होंगे।

# एनआईए के डीजी ने रांची में मामलों की समीक्षा की

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राष्ट्रीय जांच एजेंसी के डीजी दिनकर गुप्ता ने बुधवार को रांची पहुंचे। उन्होंने रांची में झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह से पुलिस मुख्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों अधिकारियों ने झारखंड में नक्सलवाद को पूरी तरह से उखाड़ने की रणनीति तैयार की।एनआईए राज्य में टेरर फंडिंग सहित कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच कर रही है। डीजी दिनकर गुप्ता ने राज्य में चल रही इन जांचों के बारे में जानकारी प्राप्त की। वे झारखंड पुलिस के सहयोगी को सराहना करते हुए एनआईए की जांच में मिल रहे थे। उनके साथ एनआईए के आईजी आशीष बत्रा और एसपी प्रशांत आनंद भी मौजूद थे। आईजी आशीष बत्रा और एसपी प्रशांत आनंद झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी हैं। डीजी दिनकर गुप्ता ने झारखंड में चल रही एनआईए की जांचों और



उपलब्धियों की भी जानकारी प्राप्त की। हाल के दिनों में झारखंड पुलिस के सहयोग से एनआईए ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी कराई थी और इससे डीजी दिनकर गुप्ता संतुष्ट थे। एनआईए झारखंड में उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में जांच कर रही है। इसी जांच के दौरान सुप्रीमो दिनेश गोप को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा झारखंड में एनआईए की जांच चल रही है जिसमें मगध आम्रपाल कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग, तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड, पश्चिम सिंहभूम जिले में भाजपा के पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों का हमला, तेतरियाखाड़ कोलियरी में हुआ नक्सलियों का हमला, लातेहार के चंदवा स्थित लुकैया मोड़ पर हुए हमले में चार पुलिसकर्मियों की हत्या, और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से हथियार पहुंचने जैसे मामले शामिल हैं।

## देवघर में बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी 19 दान पात्रों में मिले 18.59 लाख रूपए



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर आज गुरूवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी 19 दान पात्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। दान पात्रों को खोले जाने के बाद मंदिर प्रबंधन के कर्मियों के जरिए हुई गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल आय 18,59,514 रूपए के अलावा नेपाली रुपिया 1966 और अमेरिकन डॉलर 12 दान स्वरूप प्राप्त होने की जानकारी सामने आई। इससे पूर्व पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया। बता दें कि इससे पहले गत 5 अप्रैल 2023 को बाबा मंदिर प्रांगण स्तिथ सभी दानपत्रों को खोला गया था।

## 30 वकीलों का प्रोविजनल चेंबर अलॉटमेंट रद्द




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट में चेंबर लेने के लिए दिए गए आवेदन एक बार फिर रद कर दिए गए हैं। जिन लोगों का आवेदन रद किया गया है, उसकी सूची भी जारी कर दी गई है। अधिवक्ताओं की औपबंधिक अलॉटमेंट को रिजेक्ट करने के पीछे की वजह यह बताई गई है कि औपबंधिक अलॉटमेंट के बाद जरूरी अर्हताएं पूरी नहीं की गई हैं। जिन वकीलों का औपबंधिक आवंटन रद हुआ है, उनमें अधिवक्ता कल्याण रॉय, अरविंद कुमार सिंह, राजीव कुमार, मंजुला उपाध्याय, मो मोख्तार खान, प्रदीप मोदी, चतुर प्रसाद सिंह, संध्या सहाय, रितेश कुमार बॉबी, जयश्री अखौरी, राजकुमार प्रसाद, देवानंद कुमार, प्रशांत कुमार, राजीव रंजन मिश्रा, नंद किशोर राम, अशोक कुमार राय, दीनदयाल साहा, राकेश कुमार शाही, रत्नेश कुमार, भरत कुमार, शिप्रा शालिनी, राहुल कुमार, पवन रंजन खत्री, राम कुमार कटारिया, अनादि ब्रह्म, रोहित सिन्हा, विजोय कुमार सिन्हा, शंकर लाल गंझू, अखौरी अंजनी कुमार, प्रवीण जायसवाल, रूपेश कुमार, अजय शंकर, संजय कुमार ठाकुर, हामिद रजा, हरेंद्र कुमार सिंह और राकेश कुमार का नाम शामिल है।

केंद्रीय संयुक्त सचिव कुणाल कुमार ने रांची स्मार्ट सिटी के कार्यों का लिया जायजा, कहा

## नयी तकनीक और इनोवेशन की जरूरत



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव और स्मार्ट सिटीज मिशन के निदेशक कुणाल कुमार ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की और पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। श्री कुमार ने कहा कि रांची में क्षेत्र आधारित विकास के तर्ज पर विकसित हो रही स्मार्ट सिटी में बेहतर कार्य हो रहे हैं पर हमें और भी नयी तक्नीक और अभिनव विचार पर आधारित पहल करने की जरूरत है, जिससे हम अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर पायें। उन्होंने कहा कि एबीडी क्षेत्र में बन रहे साईकिल लेन और फुटपाथ की भी जांच कर लें और उसका इस्तेमाल शुरू कर दें। उन्होंने स्मार्ट सिटी में एकीकृत आधारभूत संरचना विकास, कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर और साईकिल योजना की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने कई आवश्यक निर्देश भी दिये।स्मार्ट सिटी शहर के अन्य जगहों या दूसरे शहरों में भी इस प्रकार के शहर निर्माण की दिशा में कार्य करे। इस मौके पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए रांची स्मार्ट सिटी की योजनाओं की जानकारी दी गयी।समीक्षा के दौरान रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक तक्नीकी राकेश कुमार नंन्दक्योलियार, मुख्य वित्त पदाधिकारी ज्योति पुष्प, परियोजना पदाधिकारी कंस्ट्रक्शन मदन गोपाल चौधरी, कंपनी सेक्रेटरी बिपिन बिहारी शाह, पीआरओ अमित कुमार, प्रबंधक कमलजीत शर्मा, प्रबंधक उत्कर्ष मिश्रा, लीगल एक्सक्युटिव सतीश कुमार और पीएमसी से प्रबंधक अंजनी दुबे मौजूद रहे।

# कांके विधायक समरीलाल के मामले में राज्य जाति छानबीन समिति को हाईकोर्ट का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट ने कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच संबंधी प्रक्रिया को रोकने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि राज्य जाति छानबीन समिति कांके विधायक समरीलाल के मामले में अपनी जांच जारी रखेगी, लेकिन अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जून निर्धारित की है। समरी लाल की ओर से राज्य जाति छानबीन समिति की जांच प्रक्रिया को रोकने का आग्रह किया गया था। गुरुवार को राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति



प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार एवं सुरेश बैठा की अपील पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार और सुरेश बैठा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि समरी लाल मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं, उनके पूर्वज माइग्रेट होकर झारखंड आए हैं। बता दें कि पूर्व में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने समरी लाल से संबंधित चुनावी याचिका को स्वीकार करते हुए राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को रद्द करने को गलत करार दिया था। साथ ही राज्य छानबीन समिति द्वारा समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र को खारिज किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया था। जिसे सुरेश बैठा और राज्य सरकार ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी है।

### 24 को अंतरराष्ट्रीय मुशायरा, जुटेंगे देश-विदेश के कवि-शायर

रांचीः कहते हैं कि उर्दू प्यार की भाषा है। और इसकी शायरी मोहब्बतों से लबरेज होती है। रांची में ऐसी ही एक महफिल 24 जून की शाम सजने जा रही है। बज्म-ए-कहकशां के बैनर तले एक अंतरराष्ट्रीय मुशायरा, मौलाना आजाद सभागार, अंजुमन प्लाजा, एमजी रोड में आयोजित होगा। जिसमें देश- विदेश के कवि-शायर शामिल होंगे। मुशायरा के संयोजक लेखक-पत्रकार शहरोज कमर ने बताया है कि वरिष्ठ सूफी-शायर मौलाना गुफरान अशरफी की अध्यक्षता में मुशायरा की शमा 24 जून की शाम 7 बजे रोशन होगी। जिसमें दिल्ली से माजिद देवबंदी, अना देहलवी व सरफराज फैयाजी फैज सेसरवर साजिद कामरान गनी सबा , मोईन निजाम उद्दीन औलिया के सज्जादा नशीं हजरत पीर ख्वाजा फरीद अहमद निजामी की सरपरस्ती (संरक्षण) हासिल होगी।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रशिक्षु अधिकारियों से किया संवाद, कहा

# जनसेवा के लिए तैयार रहें, लोगों को आपसे काफी उम्मीद

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि आप सभी जनसेवा के लिए तत्पर रहें। लोगों को आप सबसे बहुत अपेक्षाएं रहती हैं। आपको क्षेत्र में जाकर वास्तविक व जमीनी हकीकत से अवगत होना होगा। आपकी इस कार्यप्रणाली से लोगों को उनका यथोचित लाभ मिल सकेगा। राज्यपाल आज राजभवन में झारखण्ड लोक सेवा आयोग के प्रथम सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्ष्यमान पदाधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उक्त अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ। नितिन कुलकर्णी, निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान मुकेश कुमार, संयुक्त निदेशक, श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान श्रीमती मीणा समेत श्रीकृष्ण लोक प्रशासन के अन्य पदाधिकारी व परीक्ष्यमान पदाधिकारीगण उपस्थित थे।राज्यपाल ने बताया कि वे अल्पावधि में सड़क मार्ग से



16 जिलों का दौरा कर चुके हैं। सड़क मार्ग से दौरा करने से जमीनी हकीकत का पता चलता है। साथ ही वहां केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार कि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविकता के संदर्भ में भी ज्ञात होता है।

वहां लोगो से संवाद के क्रम में उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसे जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के माध्यम से दूर करने की कार्रवाई की जा सकती है। विगत दिनों लातेहार, पलामू एवं गढ़वा जिला के भ्रमण के दौरान पीवीटीजी से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उसके निराकरण के लिए पहल की गई। पलामू जिला में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों के साथ वहां बैठक की गई एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में पहल करने का निर्देश भी दिया गया।

राज्यपाल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण घर बैठे नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कल होकर प्रशिक्षु अधिकारियों की नियुक्ति क्षेत्रीय कार्यालयों में होगी। आशा है कि नियुक्ति के पश्चात आप अपने क्षेत्रों एवं वहां की समस्याओं के संदर्भ में अच्छी तरह जानकर उसे दूर करने की दिशा में कार्य करेंगे। विगत 18 वर्षों की पीड़ा को भूल कर समाज की सेवा में अपना योगदान दें। उक्त अवसर पर परिक्ष्यमान अधिकारियों जयंत कुमार तिवारी, लक्ष्मण यादव, बालकिशोर नाथ शाहदेव, विजय लक्ष्मी सिंकु समेत अन्य परीक्ष्यमान पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण अवधि में प्राप्त अपने अनुभव प्रकट किए गए।राज्यपाल ने कहा कि आप लोग विभिन्न सेवाओं से आये हैं, आपको अपने रिजल्ट के लिए लंबे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। मैं आपकी पीड़ा को समझ सकता हूं। हमें किसी भी कार्य को निश्चित समय सीमा में करने का प्रयत्न करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल झारखण्ड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भेंट के क्रम में न्यायालय में लंबित वादों का शीघ्र निबटारा करने पर भी चर्चा हुई है।


